दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। शनिवार 04 मई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 204 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# राहुल गांधी ने रायबरेली से किया नामांकन

## नामांकन के बाद लिखा पोस्ट - मां ने भरोसे के साथ मुझे सौंपी परिवार की कर्मभूमि

**रायबरेली।** रायबरेली से नामांकन करने के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक भावनात्मक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा, 'रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था। मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।'

**नामांकन के वक्त ये रहे मौजूद :** राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे।





### प्रियंका गांधी ने भी लिखी पोस्ट



राहुल गांधी के रायबरेली से नामांकन को प्रियंका गांधी ने भी भावुक पल बताया है। उन्होंने भी पर पोस्ट लिखकर कहा कि, 'कुछ दिनों पहले मां ने कहा था, मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर पूरा होता है। ऐसा परिवार, जिसने कई पीढ़ियों को अपने में मिला लिया; जो दशकों तक हर उतार-चढ़ाव, सुख-दुख, संकट और संघर्ष में चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा रहा। यह स्नेह और भरोसे का रिश्ता है। यह सेवा और आस्था का रिश्ता भी है जो आधी सदी से अटूट है।

# शिव शक्ति ड्रीम होम कंपनी पर अब गिरी एक और गाज

## डीएम ने कर दिया कंपनी पार्टनर का चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रेड लाईट का संचालन करने वाली संस्था ड्रीम होम्स की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले इस कंपनी के संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था और अब जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कंपनी के पार्टनर हरीश शर्मा के पक्ष में जारी किये गये चरित्र प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया है। यह चरित्र प्रमाण पत्र 4 मार्च, 2024 को जारी किया गया था। जिलाधिकारी ने अपने आदेश में लिखा है कि इस चरित्र प्रमाण पत्र का उपयोग

### नगर आयुक्त की आख्या बनी निरस्त होने की कार्यवाही का आधार

**आदेश में बताया गया है कि नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद की 15 अप्रैल को जारी आख्या इस आदेश का आधार है**



करंट क्राइम। शिव शक्ति ड्रीम होम के पार्टनर हरीश शर्मा के पक्ष में 4 मार्च, 2024 को जो चरित्र प्रमाण पत्र जारी किया गया था उसे जिलाधिकारी के आदेश पर निरस्त किया गया है। इस आदेश में बताया गया है कि नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद की 15 अप्रैल को जारी आख्या इस आदेश का आधार है। नगर आयुक्त, गाजियाबाद ने 15अप्रैल को ये अवगत कराया था कि गाजियाबाद नगर निगम तथा शिव शक्ति ड्रीम होम के बीच ट्रैफिक सिग्नल के संचालन हेतु बीओटी आधार पर अनुबंध 6 वर्ष की अवधि के लिए किया गया था और अनुबंध की समयावधि समाप्त होने पर भी फर्म द्वारा निरंतर ट्रैफिक सिग्नल का संचालन करते हुए यूनीपोल पर विज्ञापन प्रदर्शन का कार्य किया जाता रहा। हाईकोर्ट इलाहाबाद में विचाराधीन वाद में 20 मार्च द्वारा उक्त अनुबंध की अवधि का विस्तारीकरण करने से इंकार कर दिया गया है। इस मामले में 8 अप्रैल को सिहानी गेट में एफआईआर दर्ज करायी गई थी।

### इस तरह हो सकता है जारी होने के बाद चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त

करंट क्राइम। चरित्र प्रमाण पत्र बनने की एक प्रक्रिया है और यह सामान्यत: दो वर्ष के लिए मान्य होता है। लेकिन शासनादेश में यह भी व्यवस्था दी गई है कि यदि चरित्र प्रमाण पत्र धारक कोई व्यक्ति आपराधिक गतिविधियों में पाया जाता है तो जिला मजिस्ट्रेट तत्काल प्रभाव से चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त कर सकते हैं। उसी व्यवस्था के तहत यह आदेश दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि चरित्र प्रमाण पत्र सामान्यत: दो वर्ष के लिए मान्य होगा। इस आवधि में यदि आवेदक किसी आपराधिक घटना में संलिप्त होता है अथवा प्रार्थी के विरूद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज होगा या फिर वह किसी संगठित अपराधि में या माफिया गतिविधियों में या असमाजिक गतिविधियों में पकड़ा जाता है तो पुलिस विभाग का उत्तरदायित्व होगा कि इसकी सूचना वह जिला मजिस्ट्रेट तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को देगा तथा चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त किया जायेगा।

# करंट क्राइम की खबर ने असर कर डाला

## खुल गया दो साल से बंद टॉयलेट का ताला

वरिष्ठ संवाददाता










**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम की खबर के बाद वो ताला खुला है जो ढाई साल से बंद था। इस दो पार्षद बदल गये और मौजूदा पार्षद ने टॉयलेट की लागत को लेकर सवाल उठा दिया था। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और खबर का असर ये हुआ है कि इन्दिरापुरम में जिस टॉयलेट पर ढाई साल से ताला लगा था वो ताला खुल गया है।

ताला खुलने के बाद टॉयलेट में रंगाई पुताई का काम शुरू हो गया है। मामला इन्दिरापुरम के नीतिखण्ड इलाके में हाथी वाले पार्क के सामने बने टॉयलेट का है। इस टॉयलेट का निर्माण ढाई साल पहले हुआ था। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस खबर को प्रकाशित किया था तो ये बताया था कि ये टॉयलेट सुलभ समाज सेवा स्वच्छता योजना के तहत बना है। इस टॉयलेट के निर्माण में लगभग 20 लाख रुपए की लागत आई है।

टॉयलेट के ताले को लेकर मामला ये था कि जब टॉयलेट बना तो यहां पार्षद भाजपा की मंजुला गुप्ता थीं और जब टॉयलेट बनकर तैयार हुआ तो पार्षद भाजपा के ही धीरज अग्रवाल हो गये। भाजपा की सरकार भाजपा के पार्षद और स्वच्छता अभियान चलाने वाली भाजपा के कार्यकाल में ही टॉयलेट पर ताला लग गया। पूर्व पार्षद मंजुला गुप्ता ने कहा कि मैं इसके ताले खुलवाऊंगी और मौजदा पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कि टॉयलेट की लागत बहुत ज्यादा आई है। 20 लाख में दस टॉयलेट सीट लगी हैं।

यह बहुत मंहगी है और हम इसकी जांच की मांग कर रहे हैं। यदि टॉयलेट का बिल कम होगा तभी इसका उद्घाटन हो पायेगा। करंट क्राइम ने इस पूरे मामले को प्रमुखता से उठाया। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और टॉयलेट का ताला खुल गया अब इस टॉयलेट में रंगाई पुताई का काम चल रहा है।

### निर्माणकर्ता ठेकेदार ने कहा था गुणवत्ता के साथ हुआ है काम

करंट क्राइम। करंट क्राइम ने सुलभ समाज सेवा स्वच्छता योजना के तहत बने टॉयलेट के निर्माणकर्ता विनोद राघव से बात की थी। उन्हें बताया था कि मौजूदा पार्षद टॉयलेट की लागत बहुत ज्यादा बता रहे हैं। तब निर्माणकर्ता विनोद राघव ने कहा था कि इसमें पूरी गुणवत्ता के साथ काम हुआ है इसलिए दाम ज्यादा लगे हैं। 80 प्रतिशत काम करा दिया गया है और इस टॉयलेट का संचालन भी 30 साल तक हम ही करेंगे। इसलिए निर्माण की गुणवत्ता भी उसी अवधि के हिसाब से की गई है।



पूर्व पार्षद मंजुला गुप्ता ने चल रहे काम को देखा और इस बात का भी जायजा लिया कि निर्माण कार्य कितना पूरा हो गया और कितना बाकी है।

### पूर्व पार्षद मंजुला गुप्ता पहुंची मौके पर

**करंट क्राइम।** करंट क्राइम ने जब इस पूरे मामले को उठाया था तो पूर्व पार्षद मंजुला गुप्ता से भी बात की थी। मंजुला गुप्ता ने व्हाट्सऐप ग्रुप पर लिखा था कि आप सभी आयें और इसकी जांच करें कि टॉयलेट निर्माण में क्या खराबी है। शुक्रवार को जब टॉयलेट का ताला खुला तो पूर्व पार्षद मंजुला गुप्ता मौके पर पहुंची। उन्होंने यहां चल रहे काम को देखा और इस बात का भी जायजा लिया कि निर्माण कार्य कितना पूरा हो गया और कितना बाकी है।

# भाजपा के पांच पार्षदों के वार्ड में पड़े 71,764 मत, सभी का दावा अतुल गर्ग को मिलेंगे लगभग 35,600 वोट

उदयवीर सिंह

गाजियाबाद, (करंट क्राइम) 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान हो गया है। मतदान के बाद अब अलग-अलग बूथ और वार्ड से लेकर विधानसभा में वोटों के प्रतिशत और किसको कितना वोट मिला, इसका आकलन किया जिसमें दैनिक करंट क्राइम ने भारतीय जनता पार्टी के पांच पार्षदों के वार्ड का हाल जाना। जानकारी निकाल कर आई है कि वार्ड 54- वसुंधरा, सेक्टर 3, 5, 9,11, सेक्टर 13 का कुछ हिसा, वार्ड-41 झंडापुर, महाराजपुर, औद्योगिक क्षेत्र, वार्ड 68 बृज विहार, राधकुंज, वार्ड-87 इंदिरापुरम का न्यायखण्ड तीन, ज्ञानखण्ड, 1,2,3,4। इसी कड़ी वार्ड-20 तुलसी निकेतन, भोपुरा, गगन विहार, राजीव कालोनी, साहिबाबाद की इन वार्ड की कॉलोनी के इलाके में कुल 42498 वोट डाले गए हैं। इसमें सभी पार्षदों का दावा है कि लगभग 35600 वोट सीधे-सीधे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की खाते में आएगा। इससे उनकी जीत और मजबूत बनेगी।

**पार्षदों का दावा है कि लगभग 35600 वोट सीधे-सीधे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की खाते में आएगा। इससे उनकी जीत और मजबूत बनेगी।**

### वार्ड-54 में पड़े 13212 वोट में से मिलेंगे 12500 मत : सतेंदर चौधरी



साहिबाबाद (करंट क्राइम) । भारतीय जनता पार्टी के वार्ड-54 से पार्षद सतेंदर चौधरी हैं। उनके वार्ड-54 में वसुंधरा का क्षेत्र आता है जिसमें सेक्टर 3 सेक्टर 5 सेक्टर 9 सेक्टर 11 सेक्टर 13 का कुछ हिस्सा आता है। उन्होंने जानकारी दी है कि उनके वार्ड में लगभग 13212 वोट 26 अप्रैल को मतदान के दौरान डाले गए हैं। उनका मानना है कि कुल पड़े वोट में लगभग 12500 ऐसे वोट है, जो सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में जाएंगे। सतेंदर चौधरी का कहना है कि उनके यहां डाले गए कुल वोट में केवल 1 हजार के करीब वोट के आसपास विपक्ष को जाएगा। बाकी सारा वोट भाजपा के खाते का है। ही




### वार्ड-41 में पड़े 3900 मत में से मिलेंगे 3000 वोट : भूपेंद्र उपाध्याय



भारतीय जनता पार्टी के वार्ड-41 झंडापुर महाराजपुर औद्योगिक क्षेत्र से पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय का कहना है कि उनके वार्ड में कुल 10800 वोट हैं। जिसमें से 3900 लोगों ने 26 अप्रैल के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला है। उनका दावा है कि उनके वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में लगभग 3000 वोट आएंगे। जो भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की जीत होगी।

### वार्ड-20 में डाले गए 11995 वोट में से 8500 हमारे हक में : यशपाल पहलवान



भारतीय जनता पार्टी के पार्षद यशपाल पहलवान के वार्ड-20 में तुलसी निकेतन गगन विहार भोपुरा राजीव कॉलोनी का इलाका आता। है। उनके वार्ड में कुल 17500 मतदाता हैं। 26 अप्रैल के दिन लगभग मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला। पार्षद यशपाल पहलवान का कहना है कि उनके वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशीअतुल गर्ग को लगभग 8500 के आसपास वोट मिलने चाहिए।

### वार्ड-68 में पड़े 6341 वोट में 5100 भाजपा को : विनय चौधरी



वार्ड-68 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद विनय चौधरी है। उनके वार्ड में बृज विहार राधा कुंज का क्षेत्र आता है। विनय चौधरी का कहना है कि 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन उनके यहां लगभग 6341 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें से लगभग 5100 के आसपास मतदाताओं ने अपने वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग को मिलेंगे।

### वार्ड-87 में 7000 वोट पड़े, जिसमें से 6500 कमल को मिलेंगे : अनु त्यागी




भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-87 से पार्षद अनु त्यागी हैं। उनके क्षेत्र में इंदिरापुरम के न्याय खंड ज्ञान खंड एक ज्ञान खंड 2 ज्ञान खंड 3 ज्ञान खंड 4 का क्षेत्र आता है। उनके यहां कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 12000 के करीब है। पार्षद अनु त्यागी ने बताया है कि 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान लगभग 7000 लोगों ने वोट डाले हैं। जिसमें से लगभग 6500 के आसपास वोट भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को मिलेंगे।

# रायबरेली से नामांकन भरने पर राहुल गांधी पर पीएम मोदी का तंज, 'डरो मत, भागो मत'

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान में हुंकार भरी। चुनाव प्रचार के दौरान यहां उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। इस रैली में पीएम मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए बताया कि वह जनता की सेवा करने के लिए पैदा हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनका सपना केवल जनता के सपनों को पूरा करना है। इस रैली में पीएम मोदी ने राहुल गांधी के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने के फैसले पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी डर के कारण रायबरेली भाग गए। पीएम मोदी ने कांग्रेस सांसद से कहा, 'डरो मत, भागो मत'। रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मुझे देश ने और आप सबने इतना आशीर्वाद दिया है। शायद कोई इंसान अपने जीवन में ऐसी कल्पना तक नहीं कर सकता है कि ईश्वर रूपी जनता जनार्दन इतने आशीर्वाद बरसाएं और लगातार बरसाएं और वर्षों से ये आशीर्वाद बढ़ता ही जा रहा है। जीवन में इससे बड़ा संतोष क्या होता है।

उन्होंने आगे कहा, मैं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं और न ही मैं खुद के लिए जीना नहीं चाहता हूं। मैं केवल आपकी सेवा का संकल्प लेकर, महान भारत माता के 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकला हूं। मोदी विकसित भारत बनाने के लिए, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। ये मैं अपने लिए नहीं, बल्कि अपनों के लिए कर रहा हूं। मेरे अपने मतलब - मेरा भारत, मेरा परिवार। आपके सपनों के लिए संकल्प लेकर जी रहा हूं। विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना



विपक्षी पार्टियों टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन पार्टियों के पास विजन नहीं है। उन्होंने लेफ्ट पर पड़ोसी राज्य त्रिपुरा को तबाह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, लेफ्ट, कांग्रेस और टीएमसी किसी राज्य का क्या हाल कर सकती हैं, ये आप अच्छी तरह जानते हैं। यहां पास में ही त्रिपुरा लेफ्ट वालों ने तबाह कर रखा था। लेकिन पिछले पांच साल में भाजपा ने पूरे त्रिपुरा की जिंदगी बदल दी। लेफ्ट वाले गए तो विकास का सूरज उगने लगा। टीएमसी को घेरते हुए पीएम मोदी ने बताया, मैंने कल टीवी पर देखा कि यहां बंगाल में टीएमसी के एक विधायक ने सरेआम धमकी दी। वो कह रहे थे कि हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी में बहा देंगे। ये कौन सी भाषा है? बंगाल में टीएमसी की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। ये कैसे लोग हैं कि जय श्रीराम के उदघोष से भी इन्हें आपत्ति है। इनको राम मंदिर के निर्माण से आपत्ति है, रामनवमी की शोभायात्रा से आपत्ति है। पीएम मोदी ने संदेशखाली मुद्दे को लेकर भी टीएमसी सरकार को सवालों के घेरे में लिया। उन्होंने कहा, मैं तृणमूल सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ। पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन टीएमसी गुनहगार को बचाती रही। क्या सिर्फ इसलिए, क्योंकि उस गुनाहगार का नाम शाहजहां शेख था।

### राहुल के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर मोदी ने दी प्रतिक्रिया

राहुल गांधी के अमेठी छोड़कर रायबरेली से नामांकन भरने पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। बर्धमान में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कांग्रेस सांसद डर गए, इसलिए वह रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने पहले ही ये भी बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हार के डर से अपने लिए दूसरी सीट खोज रहे हैं। अब इन्हें अमेठी से भागकर रायबरेली सीट चुननी पड़ी है। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं - डरो मत! मैं भी इन्हें यही कहूंगा - डरो मत! भागो मत! बर्धमान में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट से अरविंद केजरीवाल को झटका



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी वाली याचिका को खारिज कर दिया। आचार संहिता लागू होने पर किसी नेता की गिरफ्तारी के बारे में चुनाव आयोग को तुरंत जानकारी देने की मांग वाली याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज करते हुए कहा कि याचिका मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को चुनौती देती है। जो फिलहाल, न्यायिक हिरासत में हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायाधीस मनमीत पीएस अरोड़ा ने कहा कि कोर्ट ने यह देखा है कि वर्तमान में दाखिल की गई याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। कहा कि व्यक्ति अभी न्यायिक हिरासत में है। जो कि वर्तमान याचिका से जुड़ा मामला नहीं है। इसलिए यह याचिका रद्द की जाती है। चुनाव आयोग के पास न्यायिक हिरासत में बंद विचाराधीन कैदियों के अधिकारों के संबंध में कोई अधिकार नहीं है।

## अमेठी-रायबरेली में जमीन पर दिखा सपा-कांग्रेस गठबंधन

# राहुल-केएल शर्मा के साथ दिखे हजारों सपा कार्यकर्ता

**लखनऊ।** रायबरेली और अमेठी में आज कांग्रेस पार्टी का नामांकन हो गया। लंबी चुप्पी के बाद शुक्रवार की सुबह ही अमेठी और रायबरेली के प्रत्याशी घोषित किए गए। राहुल गांधी ने रायबरेली तो केएल शर्मा ने अमेठी से नामांकन भरा। खास बात यह रही कि इन दोनों नामांकनों में इंडिया गठबंधन जमीन पर एक साथ दिखा। कांग्रेस के साथ सपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। वह केएल शर्मा और राहुल गांधी दोनों के ही नामांकन जुलूस में शामिल हुए। खास बात यह रही कि सपा के कार्यकर्ता रायबरेली में राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दिखे। रायबरेली में दिखी जबर्दस्त गर्मजोशी टिकट की घोषणा होते ही रायबरेली



के केंद्रीय कार्यालय में कार्यकर्ता सुबह से जुटने शुरू हो गए। 10 बजते-बजते बड़ी संख्या में कार्यकर्ता यहां एकत्रित हो गए। यहां से राहुल के जुलूस को निकलकर नामांकन करना था। 11 बजे अचानक ही हजारों की संख्या में सपा कार्यकर्ता झंडा और बैनर लिए इस जुलूस में शामिल हो गए। वह कांग्रेस कार्यकताओं के साथ पूरी तरह से घुले-मिले दिखे। सपा के कार्यकर्ता अखिलेश यादव के साथ राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। देखो देखो कौन आया, शेर आया शेर आया। राहुल गांधी के साथ चस्पा हुए इस नारे को सपा कार्यकर्ता भी जोश के साथ लगा रहे थे। कार्यकताओं के साथ सपा के स्थानीय नेता और पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वह बकायदा कांग्रेस कार्यालय में जमे रहे और जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट तक गए।

### अमेठी में भी दिखे साथ

रायबरेली के साथ शुक्रवार को ही अमेठी में भी कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा ने पर्चा भरा। उनके साथ भी बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता दिखे। यहां पर सपा और कांग्रेस के साथ पीडीए के झंडे लहरा रहे थे। अमेठी के स्थानीय सपा नेता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### राहुल ने भरा नामांकन

राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया है। आज सुबह ही कांग्रेस के द्वारा अमेठी और रायबरेली के लिए सीटों की घोषणा की गई थी। राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे। आज सुबह ही राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से फुरसतगंज पहुंचे। वहां से अमेठी होते हुए रायबरेली आए। रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला। भारी भीड़ इस जुलूस में शामिल रही।

## सांसद अफजाल अंसारी को झटका

### हाईकोर्ट में 3 मई को होने वाली सुनवाई टली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से बाहुबली मुख्तार अंसारी के भाई और गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी तगड़ा झटका लगा है। अफजाल अंसारी के मामले में तीन मई को हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई तकनीकि कारणों से स्थगित होगी। मामले की सुनवाई अब 13 मई को होगी। सुनवाई न हो पाने के कारण अब अफजाल के लोकसभा चुनाव लड़ने पर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। सपा ने अफजाल को गाजीपुर से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बृहस्पतिवार को गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह को



बताया गया कि अफजाल अंसारी को मिली सजा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने भी अपील दाखिल की है। इस पर कोर्ट ने दोनों अपील एक साथ शुक्रवार (3 मई 2024) को सुनवाई के लिए पेश करने का निर्देश दिया था। भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड मामले में गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में अफजाल अंसारी पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। विशेष अदालत ने दोषी करार देते हुए चार साल कैद और जुमार्ने की सजा सुनाई है। इसके खिलाफ अपील दाखिल की गई है। हाईकोर्ट ने जमानत मंजूर की, लेकिन सजा पर रोक नहीं लगाई। इससे अफजाल की संसद से सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर रोक लगाते हुए अपील पर जल्द सुनवाई का आदेश दिया था। उधर, राज्य सरकार ने भी सजा बढ़ाने की मांग में अपील दाखिल की है।

## न्यूज डायरी

### 'व्यापारी वर्ग चोर है...' राहुल के बयान पर बिफरे राज्यमंत्री



**वाराणसी।** राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने विवादास्पद बयान देते हुए कहा था कि चोरी और मुनाफाखोरी देश के बनियों और व्यापारियों की आदत है और देश के किसानों की बबार्दी का मुख्य कारण भी बनिया और व्यापारी वर्ग ही है। राहुल गांधी के इस विवादित बयान पर पलटवार करते हुए राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने पत्रकार वार्ता के जरिये कड़ी आपत्ति प्रकट करते हुए कहा कि राहुल गांधी मानसिक दिवालियापन के शिकार हो चुके हैं, उनका इलाज जनता करेगी। कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी करारी हार को देखते हुए राहुल गांधी ऊल-जलूल बयान दे रहे हैं। कहा कि व्यापारी और बनिया वर्ग देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है, लेकिन राहुल गांधी की नजरों में देश का व्यापारी वर्ग चोर है, जबकि वास्तविकता यही है कि राहुल गांधी स्वयं सबसे बड़े चोर हैं, क्योंकि न वो नौकरी करते हैं और ना ही व्यवसाय करते हैं फिर भी उनके पास करोड़ों-अरबों रुपये की संपत्ति कहां से आई।

### आगरा में रोका गया स्वामी प्रसाद मौर्य का काफिला



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक लिया गया। आक्रोशित अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकताओं ने काले झंडे दिखाए। इतनी ही नहीं कार पर स्याही भी फेंक दी गई। इस दौरान पुलिस और कार्यकताओं के बीच तकरार भी हुई। ऐसे विरोध को देख स्वामी प्रसाद मौर्य वापस लौट गए। फतहेबाद क्षेत्र में शुक्रवार को स्वामी प्रसाद मौर्य पहुंचे थे। उनके आगमन की जानकारी जैसे ही अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकताओं को हुई तो वे एकजुट हो गए। फतेहाबाद चौराहे पर स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक लिया गया। इस दौरान जोरदार नारेबाजी के साथ स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगना शुरू हो गए। पुलिस ने किसी तरह हिंदू महासभा के कार्यकताओं के रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा था। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काला झंडा दिखाते हुए उनकी कार पर स्याही फेंक दी गई। स्थिती को काबू में करने के लिए पुलिस आगे आई तो महासभा के कार्यकताओं से तीखी तकरार हो गई। इसके बाद स्वामी प्रसाद मौर्य यहां से वापस लौट गए। इस दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा के संजय जाट, मनीष पंडित, सौरभ शर्मा, अंकित चौहान, बाबू भाई, मनीष कुमार, फतेहाबाद विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र महंत, राधेश्याम दास महाराज, शांति भाई, वीरेंद्र सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गर्मी की छुट्टी का आनंद... जून लास्ट तक चलेंगी 50 स्पेशल ट्रेनें

**मुरादाबाद।** आपने गर्मियों की छुट्टियों में घूमने का प्लान बनाया है और कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है तो परेशान न हों। रेलवे जून के अंत तक लगभग 50 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। इनमें से कई ट्रेनों में यात्री जनरल टिकट लेकर भी सफर कर सकेंगे। टूर प्लान करने वालों के अलावा गरीब तबके के यात्रियों को भी इससे लाभ मिलेगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। कुछ ट्रेनें आने वाले दिनों में शुरू की जाएंगी। हरिद्वार, ऋषिकेश, जम्मूतवी, श्री माता वैष्णो देवी, पूर्णा गिरी, काशी विश्वनाथ आदि जाने वाले यात्रियों को इससे आसानी होगी। जून के बाद मुरादाबाद व आसपास से अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु निकलेंगे। रेलवे उनके लिए भी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ा सकता है।

## 'मेरे अंगने में तुम्हारा क्या...': आंवला में सपा-कांग्रेस पर सीएम योगी ने ली चुटकी

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फरीदपुर के रामलीला मैदान पर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राम मंदिर का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि जो कभी नहीं हुआ, वो अब हुआ है। रामलला का भव्य मंदिर बन गया है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग बना पाते क्या? ये लोग बोलते थे कि राम थे ही नहीं। जब राम मंदिर बन गया तो बोलते हैं राम सबके हैं। इन लोगों का दोहरा चरित्र है। चुनाव जब आएगा, तब आपके पास आएंगे। चुनाव के बाद पहचानेंगे भी नहीं नहीं। वह फिल्मी गाना है, मेरे अंगने में तुम्हारा क्या..., यही बोलेंगे। सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग झूठ बहुत



बोलते हैं। सपा और कांग्रेस पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले दुनिया में सम्मान नहीं था। आतंकवादी गतिविधियां बढ़ रही थीं। बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। लोग भूख से मरते थे। किसान आत्महत्या करता था। आस्था के साथ खिलवाड़ होता था। कांग्रेस की सरकारें कहती थीं कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। समाजवादी पार्टी के लोग कहते थे जय श्रीराम बोलोगे तो अंदर बंद कर देंगे। 2014 के बाद भारत देखिए। दुनिया में सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हुआ है। अब कहीं पटाखा भी फूटा है तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देता है कि इसमें मेरा हाथ नहीं है। यह नया भारत है नया भारत छेड़ता नहीं है लेकिन कोई छेड़ता है तो छोड़ता भी है।

### लोगों से मतदान की अपील

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के तीसरे चरण में आपको मतदान करना है। हर भारतवासी के लिए लोकतंत्र का पर्व गौरव का क्षण होता है। यह पर्व अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार देता है। अगर सरकार गलत काम करती है, तो उसे सत्ता से हटाने की ताकत जनता के पास है।

कोई अच्छा काम करता है तो सत्ता का सिंहासन उसे सौंपने का काम भी जनता करती है। इसलिए इसमें भागीदार बनना है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले आपने सपा, बसपा और कांग्रेस को देखा है। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को भी आपने देखा है। निर्णय आपको लेना है।

## अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी ने निकाला रोड शो, बोले- जीत दर्ज करेंगे



**अमेठी।** कांग्रेस ने अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है। केएल शर्मा राजीव गांधी के समय से ही अमेठी से जुड़े रहे हैं। शुक्रवार को जब वह नामांकन के लिए निकले तो सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उनके जुलूस में शामिल हो गए। इस दौरान कार्यकर्ता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और किशोरी लाल शर्मा जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। इसके पहले पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने अमेठी के कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकताओं को संबोधित किया और कहा कि किशोरी लाल जी अमेठी के गांव-गांव को जानते हैं। लंबे समय से यहां काम कर रहे हैं। अब हमें मिलकर उन्हें जिताने का काम करना है। कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का आभार जताता हूं कि उन्होंने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता हमारे साथ है और हम जीत हासिल करेंगे। मूल रूप से किशोरी लाल शर्मा पंजाब के लुधियाना से ताल्लुक रखते हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आए थे। तब से वह यहीं के होकर रह गए। 1991 में राजीव गांधी की मौत के बाद जब गांधी परिवार ने यहां से चुनाव लड़ना बंद किया तो भी शर्मा कांग्रेस पार्टी के सांसद के लिए काम करते रहे। उन्हें संगठन ही नहीं परिवार का भी वफादार माना जाता है।

# आज के समय में प्रेस की आजादी पर लग रहा है प्रश्नचिह्न ?

### विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर वरिष्ठ पत्रकारों ने व्यक्त की अपनी राय

**नई दिल्ली।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर वरिष्ठ पत्रकारों ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में प्रेस की आजादी पर प्रश्न चिन्ह लग रही है? जब तक उचित वेतन और नौकरी की अनिश्चितता बनी रहेगी तब तक प्रेस की स्वतंत्रता के कोई मायने नहीं हैं। यूनेस्को में पास हुआ यह दिवस यूं तो विश्व भर में पत्रकार बनाते हैं लेकिन पत्रकार की स्वतंत्रता होनी चाहिए जिस पर इस समय सोचने का समय है।

वरिष्ठ पत्रकार और भारत में आईएफजे के संयोजक रहे केएन गुप्ता ने शुक्रवार को इस दिन को याद करते हुए कहा कि यह समय हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है कारण पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर प्रश्न चिन्ह लग रही है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उस समय कहा था कि पत्रकारों को स्वतंत्र होनी चाहिए। उनके कामों में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। इस समय हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि सभी पत्रकार संगठनों को एक कर पत्रकार हित में कार्य किया जाए। उनकी स्वतंत्रता के लिए आंदोलन चलाया जाए।

नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्टस (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार रासबिहारी ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता कहां है? जब तक उचित वेतन, नौकरी की अनिश्चितता बनी रहेगी तब तक प्रेस की स्वतंत्रता के कोई मायने नहीं है। उन्होंने कहा कि नौकरियां में लगातार छंटनी हो रही है। वेतन में कटौती हो रही है। काम करने के घंटे तय नहीं हो रहे। मालिकों की इच्छा पर ही पत्रकारों की स्वतंत्रता निर्भर है तब हम विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस कैसे मनाएं। टीआरपी की होड़ में ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने और मीडिया में आजादी छीनने की जो प्रथा शुरू हो गई है, उसमें हम स्वतंत्रता पर चर्चा करना बेमानी समझते है। रास बिहारी ने कहा कि






लंबे समय से एक राष्टीय संगठन होने के कारण हमने इस मुद्दे को समय समय पर उठाया है लेकिन आज तक इस पर गंभीरता से कोई संगठन या मीडिया संस्थान ध्यान नहीं दिया।

वरिष्ट पत्रकार मनोज मिश्र ने कहा कि पत्रकारों की स्वतंत्रता पर किसी भी तरह के अंकुश का विरोध हमने शुरू से किया है, अभी भी कर रहे रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। आपात काल में जब पत्रकारों पर सेंसर लगा तब भी हमने एनयूजेआई और डीजेए के बैनर तले विरोध किया। बिहार में प्रेस बिल के मार्फत जब पत्रकारों की आजादी पर अंकुश लगाने की कोशिश हुई तब भी हम लोगों ने विरोध किया। वरिष्ट पत्रकार मनोज वर्मा ने कहा कि जनता के सरोकार से जुड़े मुद्दे उठाने वाले मीडिया पर जब भी प्रतिबंध लगेगा, हम उसके विरोध में खड़े थे और आगे भी खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता के नजदीक जाने की फिराक में कुछ लोग हमारी आजादी के खिलाफ भले ही चले जाएं लेकिन एक पत्रकार होने के नाते हमें यह दिवस आत्म चिंतन करने के लिए मजबूत करता है। वरिष्ठ खेल पत्रकार राकेश थपलियाल ने कहा कि प्रेस की आजादी का एक दिन क्यों? हमारे पेशे को हमेशा स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। जनता की समस्याएं सरकार तक पहुंचाने और सरकार की बातें जनता तक ले जाने वाले पत्रकारों पर अंकुश का सवाल ही कहां है? अगर हमारी आवाज दबी रहेगी तो फिर आम लोगों की आवाज हम कैसे उठाएंगे। आर्थिक पत्रकार मनोहर सिंह ने कहा कि इस दिन हमें अपने अंदर भी झांकने का समय है। हमें स्वतंत्रता के साथ कर्तव्य भावना से भी यह दिन जोड़ता है। पत्रकार नरेंद्र भंडारी ने कहा कि पत्रकारों को अपनी मांगों के लिए एकजूट होने की जरूरत है। पुराने कानून बदले जाएं और नया मीडिया आयोग बने इस मांग पर हमें सभी संगठनों को एक होने की जरूरत है।

महिला मुद्दों पर आवाज उठाने वाली प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर महिला पत्रकारों की आजादी और लेखनी पर भी बातें होनी चाहिए। महिला पत्रकार कई मायनें में असुरक्षित हैं जिसे सरकार को समझने की जरूरत है। पत्रकार संतोष सूर्यवंशी ने कहा कि हमें पत्रकारिता धर्म निभाने के रास्ते में कोई रूकावटें और अड़चनें मंजूर नहीं है। अमलेश राजू ने कहा कि पत्रकारिता के पेशे में आने वाले हर युवाओं को अब आजादी बेमानी लग रही है। इस पर पत्रकार संगठनों को सोचने का समय आ गया है। अदालत और शिक्षा को लंबे समय से कवर कर रहे प्रियरंजन ने कहा कि जब तक हमें पेशे में इमानदारी नहीं दिखेगी तब तक आजादी पर प्रश्न चिन्ह लगा रहेगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




 ● नई दिल्ली।। शनिवार 04 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






# जब गेहूं खरीद को लेकर आ गये अधिकारी और व्यापारी आमने-सामने

## व्यापारियों ने कहा, नहीं है अधिकार और ठप्प कर दिया मंडी का कारोबार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक तो गर्मी का मौसम और उस पर अपने ही गोदाम के बाहर बैठकर काम कर रहे अनाज मंडी के कारोबारी। दुकानों का अधिग्रहण हो गया है और गेहूं खरीद का सीजन चल रहा है। ऐसे में गर्मी के मौसम में व्यापारियों को खुले में बैठकर काम करना पड़ रहा है। गर्मी में उस समय मौसम और गर्म हो गया जब गोविन्दपुरम अनाज मंडी में खाद्य विपणन अधिकारी पहुंच गये। मंडी में गेहूं खरीद का काम चल रहा था और यहां पर मार्किटिंग इंस्पेक्टर अंजुल यादव और डिप्टी आरएमओ प्रिंस चौधरी ने गेंहू खरीद को लेकर व्यापारियों पर दबाव बनाया। उन्होंने दुकान दुकान जाकर दुकान चैक कराने की बात कही। व्यापारी इस बात पर भड़क गये और उनका कहना था कि हम तो पहले ही परेशान है सड़क पर बैठकर काम कर रहे हैं और ये नियम पर हम पर लागू नहीं होता है। बताते हैं कि इसके बाद वहां व्यापारी इक्ट्ठा हो गये है और उन्होंने इस कार्यवाही के विरोध में अनाज मंडी बंद कर दी। जब अनाज मंडी बंद होने की खबर प्रशासन तक पहुंची तो एडीएम आर मौके पर पहुंचे और गेहूं व्यापारियों से वातालाप किया। देर तक नारेबाजी होती रही और अनाज मंडी शाम तक बंद रही, कोई कारोबार नहीं हुआ।





### खत्म हो चुका है यह विभाग और हम पर लागू नहीं होते ये नियम : सुधीर गोयल मोनू



करंट क्राइम। अनाज मंडी में गेहूं खरीद को लेकर खाद्य विपणन अधिकारी पहुंचे और इसके बाद लहजे बिगड़े और फिर हंगामा शुरू हो गया। गोविन्दपुरम अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि एसएमआई विभाग खत्म हो चुका है। यह नियम हम पर लागू नहीं होता। व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि एमएसपी से नीचे कोई खरीद नहीं हो रही। 2275 रुपए सरकारी रेट है और मंडी में सामान्य गेंहू 2300 और 2350 के बीच बिक रहा है। ये किसानों की मर्जी है कि वो अपना गेहूं उचित मूल्य पर कहीं भी बेंचे। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में यह नियम ही नहीं लागू नहीं होता है।

### मंडी सचिव भी पहुंचे मौके पर और व्यापारी बोले आपका अधिकार

करंट क्राइम। खाद्य विपणन अधिकारी गेंहू की खरीद के लिए अनाज मंडी आ गये और यहां हंगामा हो गया। इसके बाद इन अधिकारियों द्वारा प्रेशर बनाने के विरोध में व्यापारियों ने मंडी बंद कर दी। इसके बाद मंडी सचिव भी मौके पर आये। यहां व्यापारियों ने उनसे कहा कि गेंहू की खरीद एमएसपी पर हो रही है यह देखना आपका अधिकार क्षेत्र है। एमएसपी से नीचे कोई गेंहू नहीं बिक रहा है और ये लोग जो गेंहू खरीद के लिए दबाव बना रहे हैं इन्हें कोई अधिकार नहीं है।



### चुनावों के बाद करेंगे कार्यवाही की मांग

करंट क्राइम। अनाज मंडी के व्यापारी शुक्रवार को हुए इस घटनाक्रम से नाराज हैं। उनका कहना है कि जिस विभाग को अधिकार ही नहीं है वह अनाज मंडी में आकर क्यों दबाव बना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोनी की प्रभारी एसएमआई ने भी यहां की अनाज मंडी में गेंहू खरीद के लिए कांटा लगा दिया है जबकि उनका क्षेत्र लोनी है। अनाज मंडी कारोबारियों का कहना है कि इस पूरे मामले की शिकायत शासन से की गई है और चुनाव के बाद कार्यवाही की मांग की जायेगी।

# सीएलसी कर्मचारी काट रहे हैं मुफलिसी में दिन

## तीन महीने से नहीं मिला है वाहन चालकों को वेतन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में जिन वाहन चालकों को सीएलसी के तहत नौकरी पर रखा गया था उन वाहन चालकों की गुजारे वाली गाड़ी का पहिया पंचर हो गया है। नौकरी की गाड़ी में गुजारे का तेल खत्म हो गया है।

आलम ये है कि कर्मचारियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है और आरोप ये भी है कि नए वाहनों पर वाहन चालकों से 25 हजार रुपए की वसूली जबरन हो रही है। मामला अब मेयर और नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पास पहुंचा है। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने इस मामले को उठाया है। महानगर अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने एक पत्र लिखा है और इसमें कहा गया है कि



सीएलसी में कार्यरत वाहन चालकों को तीन महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी कर्मचारी वाहन चालक का काम कर रहे हैं।

संघ के पत्र में यह भी कहा गया है कि नगर निगम द्वारा एक कंपनी को वाहनों का टेंडर दिया गया है। जीएस कंपनी द्वारा नए वाहनों पर वाहन चालकों से 25 हजार रुपए जबरन दबाव बनाने के वसूल किये जा रहे है। अब सीएलसी वाहन चालकों को जीएस कंपनी में कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। संघ ने इस मामले की जांच की मांग की है और वाहन चालकों के वेतन और रोजगार की सुरक्षा की मांग उठाई है।



# नार्दन पेरीफेरल रोड के सड़क लूप्स को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार

## पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने दागे जीडीए पर चार सवाल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नार्दन पेरीफेरल रोड के लूप्स को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है और अब निगम के पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने जीडीए से चार सवाल पूछे हैं। उन्होंने आरटीआई के तहत ये जानकारी मांगी है और 28 मार्च को ये जानकारी मांगी गई थी। राजेन्द्र त्यागी ने ये मामला उठाया है और कहा है कि वर्ष 2013 में जीडीए द्वारा नार्दन पेरीफेरल रोड मेरठ रोड से बायीं और दायीं ओर सड़क लूप्स बनाया जाना प्रस्तावित किया था तथा सड़क लूप्स बनाने के लिए नार्दन पेरीफेरल रोड मेरठ रोड से बायीं और दायीं ओर अपर जिलाधिकारी भू-अर्जन के माध्यम से भू-अधिग्रहण कराया गया था।




सूचना का अधिकार RIGHT TO INFORMATION

बाद में यह जानकारी मिली कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा लूप्स बनाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। अब जीडीए मेरठ रेलवे लाइन के ऊपर पुल बनाकर दोनों तरफ फ्लाईओवर बना रहा है। जिससे मधुबन बापूधाम योजना के आवटियों को सुविधा प्राप्त हो सके। लेकिन अभी भी असमंजस की स्थिति बरकरार है। राजेन्द्र त्यागी ने चार सवाल पूछे हैं और ये जानना चाहा है कि अब लूप्स बनाये जायेंगे या नहीं बनाये जायेंगे।

### ये हैं राजेन्द्र त्यागी द्वारा पूछे गये चार सवाल



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने जो चार सवाल पूछे हैं उनमें पहला सवाल यह है कि जीडीए द्वारा यह सूचना उपलब्ध करायी जाये कि मेरठ रोड के दोनों तरफ नार्दन पेरीफेरल रोड के दायीं और बायीं ओर से अब लूप्स बनाये जायेंगे या नहीं। दूसरे सवाल ने उन्होंने पूछा है कि मेरठ रोड के दोनों तरफ दायीं और बायीं ओर से नार्दन पेरीफेरल रोड को मधूबन बापूधाम योजना से किस आधार पर और कैसे जोड़ा जा रह है। तीसरे सवाल में उन्होंने पूछा है कि क्या मेरठ रोड के दोनों तरफ दायीं और बायीं ओर से नार्दन पेरीफेरल रोड पर लूप्स बनाने में हाई स्पीड रेल की बाधा आ रही है जिसके कारण यह सुविधा मधुबन बापूधाम योजना के आवंटियों को प्राप्त नहीं हो पा रही है। चौथे सवाल में पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने पूछा है कि मेरठ रोड के दोनों तरफ दायीं और बायीं ओर से नार्दन पेरीफेरल रोड लूप्स अब बनवाये जायेंगे अथवा नहीं।

# किस भाजपा जनप्रतिनिधि के बहनोई ने पीट दिया अपना भाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के एक जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार की तकरार थाने तक पहुंची है। बताते हैं कि इस मामले में भाजपा जनप्रतिनिधि के बहनोई के भाई ने एफआईआर दर्ज करा दी है। बताया जाता है कि भाजपा के एक जनप्रतिनिधि के बहनोई नोएडा में रहते हैं और मेरठ में किठौर इलाके में सिपाही के रूप में उनकी तैनाती है। भाजपा जनप्रतिनिधि के बहनोई का अपने बड़े भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। भाजपा जनप्रतिनिधि के बहनोई के बड़े भाई गाजियाबाद के लोहा मंडी में कारोबार करते हैं। जनप्रतिनिधि के बहनोई लोहामंडी में अपने भाई के संस्थान पर पहुंच गये और यहां उन्होंने पहले अपने बड़े भाई को धमकी दी और फिर मारपीट कर दी। सूत्र बताते हैं कि मारपीट की यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इसके बाद पुलिस ने भाजपा जनप्रतिनिधि के बहनोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। अभी फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है। मुकदमा कई धाराओं में दर्ज किया गया है जिनमें मारपीट, जान से मारने की धाराएं शामिल हैं।

**कवि नगर थाने में किसने एफआईआर दर्ज करायी**

# डीडीपीएस स्कूल प्रबंधन पर अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन

## अभिभावक दो दिन से स्कूल के बाहर धरने पर बैठे हैं, सेक्टर-23 में कैंडल मार्च भी निकाला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बच्चों को अन्यत्र दूसरी ब्रांच में भेजे जाने का विरोध कर रहे अभिभावकों अभी कोई सफलता मिलती नहीं दिखाई दे रही है। डीडीपीएस स्कूल प्रबंधन पर अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन और पुलिस-प्रशासन के आदेशों का भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। अभिभावक दो दिन से डीडीपीएस स्कूल के बाहर धरने पर बैठे हैं, कल रात अभिभावकों ने जहां सेक्टर-23 में कैंडल मार्च निकाला वहीं आज भैंस के आगे ढोल पीटकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले को लेकर 25 दिनों से परेशान और जिला प्रशासन और शिक्षा अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद न्याय नहीं मिलने पर कल से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे हैं। कल रात भी जीपीए के साथ बड़ी संख्या में स्कूल से पी ब्लॉक चौराहे तक एक बड़ा कैंडल मार्च निकाला गया था



मजे की बात यह है की प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है लेकिन कोई भी अधिकारी स्कूल पर कार्यवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। जीपीए के संरक्षक सतपाल चौधरी और उपाध्यक्ष पवन शर्मा का कहना है की हम जब तक पेरेंट्स को न्याय नहीं मिलता हम धरने पर शांतिपूर्ण तरीके से डटे रहेंगे, अब देखना यह की जिला प्रशासन समाधान निकाल पाता है या इसी तरह स्कूल प्रबंधन की सत्ता की हनक के आगे लाचार और बेबस बनकर मूक दर्शक बने रहते हैं। धरने को कई सामाजिक संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया है। ईएनटी रोग विशेषज्ञ डाक्टर बीपी त्यागी भी धरने पर पहुंचे और अभिभावकों की इस लड़ाई में पूरा समर्थन देने का ऐलान किया।

# छह शातिर बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने दबोचा, 4 करोड़ का माल किया बरामद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्राइम ब्रांच गाजियाबाद ने मोबाइल टावरों के महंगे उपकरणों चोरी करने वाले 6 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से लगभग 4 करोड़ का माल बरामद हुआ है। एडीसीपी क्राइम सचिदानंद ने बताया पकड़े गए बदमाशो के अभी 6 और साथी फरार है जिनमे मुख्य कबाड़ी भी है जो इन माल को आगे खपत करने का कार्य करते है। पकड़े गए बदमाशो में कैफ मालिक, सुमित कसाना, राहुल गोयल, सुएब, सुहैल तथा वसीम है जिनमे राहुल इंजीनियरिंग का छात्र है, कैफ, सुमित और सुऐब कबाड़ी का, वसीम और सुहैल चोरी का काम करते थे। इन सभी बदमाशो को गाजियाबाद के नंदग्राम से गिरफ्तार किया गया है। फैरी के बहाने रेकी कर वारदात को अंजाम दिया करते थे।



## संपादकीय

# अफवाह से हड़कंप

दिल्ली-एनसीआर के 200 से ज्यादा स्कूलों में बम की अफवाह से हड़कंप मच गया था। जांच में इसके तार विदेश से जुड़े दिख रहे हैं। स्कूलों को जिस ईमेल से धमकी भेजी गई वो रूस के वीपीएन से भेजा गया। स्कूलों में बम की अफवाह से पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की चुनौती बढ़ गई है।

जिस तरह से एक के बाद एक अलग-अलग स्कूलों में बम रखे होने की खबर आने लगीं, उससे न केवल स्कूल के स्टाफ, बच्चों और अभिभावकों में घबराहट फैली बल्कि इसे देख-सुन रहे सभी लोग सकते में आ गए। हालांकि, करीब 200 स्कूलों को चपेट में लेने वाली यह खबर पूरी तरह फर्जी निकली, लेकिन देश की राजधानी में अफरातफरी की स्थिति तो इसने बना ही दी।

साजिश के शुरूआती संकेत : यूं तो किसी आतंकी संगठन या ग्रुप ने अब तक इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन जो शुरूआती संकेत मिले हैं, उनके मद्देनजर इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय साजिश से इनकार नहीं किया जा रहा। सभी स्कूलों को एक ही कंटेंट ईमेल किया गया। ईमेल भेजने के लिए रूसी वीपीएन का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन सभी मेल एक ही आईडी से भेजे गए हैं। जिस तैयारी से ईमेल भेजी गई है, उसे देखते हुए विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इसका ओरिजनल पता लगाना आसान नहीं होगा।

बन रहा है ट्रेंड : ध्यान रहे, यह हाल के दिनों में अपने ढंग की सबसे बड़ी भले हो, पहली घटना नहीं है। मंगलवार को ही राष्ट्रपति भवन समेत कुल 103 सरकारी बिल्डिंगों में बम रखे होने की ईमेल भेजी गई थी। यह अलग बात है कि स्कूल, बच्चे और अभिभावक जैसे कारकों की गैरमौजूदगी में उससे अफरातफरी के हालात नहीं बने। लेकिन स्कूलों की ही बात करें तो भी यह पिछले तीन महीने में हुई तीसरी घटना है। अप्रैल की शुरूआत में कोलकाता के करीब 200 स्कूलों में इसी तरह बम रखे होने की अफवाह फैलाई गई थी। उससे पहले फरवरी में चेन्नाई के 13 स्कूल निशाने पर आए थे।

बेहतर तैयारी : जाहिर है, सुरक्षा बलों की चौकसी और आतंकी तत्वों पर लगातार रखी जा रही नजर के कारण आतंकी वारदात को अंजाम देने के बजाय इस तरह की अफवाह फैलाना अपेक्षाकृत आसान है। लिहाजा, देश में अशांति, बेचैनी और घबराहट का माहौल पैदा करने की इच्छुक ताकतें इस तरह की हरकतें जारी रख सकती हैं। निश्चित रूप से सुरक्षा बलों को इस चुनौती से निपटने की बेहतर तैयारी करनी होगी।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग : अंतरराष्ट्रीय जांच वाले पहलू की बात करें तो भारत की स्थिति बहुत अच्छी नहीं दिखती। पारस्परिक कानूनी सहायता सुनिश्चित करने वाली संधि (म्युचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी) भी भारत की सिर्फ 42 देशों के साथ है। बुडापेस्ट कन्वेंशन ऑन सायबर क्राइम पर भी भारत ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जिसके तहत विभिन्न देश संयुक्त जांच करते और आपस में सबूत साझा करते हैं। अस्पतालों और स्कूलों में बम की अफवाह जैसी चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपटने के लिए इन तमाम पहलुओं पर ध्यान देते हुए आगे बढ़ना होगा।

# एपल सीईओ टिम कुक बोले : भारत में एपल के अंको में मिली मजबूती



**नई दिल्ली।** एपल के सीईओ टिम कुक ने कहा है कि हम भारत में दोहरे अंकों में मजबूत हुए हैं और इसलिए हम बहुत खुश हैं। यह हमारे लिए मार्च तिमाही के राजस्व का नया रिकॉर्ड है। जैसा कि मैंने पहले कहा है, मैं भारत को अविश्वसनीय रूप से रोमांचक बाजार के रूप में देखता हूं और यह हमारे लिए एक प्रमुख फोकस का क्षेत्र है। एपल के सीईओ टिम कुक ने भारत में कंपनी के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है।

कंपनी ने मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में भारत में राजस्व का रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि इस दौरान एपल के ओवरऑल कुल राजस्व में 4% की गिरावट आई है। आईफोन की बिक्री भी 10% घटी है। टिम कुक ने कहा, हम भारत में दोहरे अंकों में मजबूत हुए और इसलिए हम इससे बहुत खुश हैं। यह हमारे लिए मार्च तिमाही के राजस्व का नया रिकॉर्ड है। जैसा कि मैंने पहले कहा है, मैं भारत को अविश्वसनीय रूप से रोमांचक बाजार के रूप में देखता हूं और यह हमारे लिए एक प्रमुख फोकस का क्षेत्र है। एपल के मुख्य वित्तीय अधिकारी लुका माएस्ट्री ने कहा, हम उभरते बाजारों में अपनी मजबूत गति से विशेष रूप से खुश हैं।

हमने लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व, भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और तुर्की सहित कई देशों और क्षेत्रों में पहली छमाही में राजस्व का रिकॉर्ड बनाया है। लुका माएस्ट्री ने कहा, हम खुश हैं क्योंकि ये ऐसे बाजार हैं जहां हमारी बाजार हिस्सेदारी कम है, आबादी बड़ी है और बढ़ रही है, और हमारे उत्पाद वास्तव में उन बाजारों में बहुत प्रगति कर रहे हैं। ब्रांड के लिए उत्साह का स्तर बहुत अधिक है। टिम कुक ने कहा कि एप्पल प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए भारत में आईफोन का उत्पादन कर रही है और भारतीय बाजार में कंपनी की वृद्धि इसके परिचालन विस्तार से जुड़ी है। एपल सीईओ ने कहा कि व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखें तो वहां (भारत में) प्रतिस्पर्धी होने के लिए उत्पादन करने की जरूरत है।

हम भारतीय बाजार में पहुंचे हैं और जरूरी कदम उठा रहे हैं। बता दें कि एपल हाल के वर्षों में चीन से इतर अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। भारत के अलावा कई अन्य दक्षिण एशियाई बाजारों में वह इस लक्ष्य के साथ काम कर रहा है।

## रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ बढ़कर 77.53 करोड़ रुपये रहा



**नई दिल्ली।** रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में तीन प्रतिशत बढ़कर 77.53 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 75.24 करोड़ रुपये रहा था। रेलटेल कॉरपोरेशन ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि रेलवे मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली ह्यमिनी रत्नह्न कंपनी की कुल आमदनी मार्च तिमाही में 852 करोड़ रुपये रही है, जो 2022-23 की समान तिमाही में 707.29 करोड़ रुपये थी।

रेलटेल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) संजय कुमार ने कहा, कंपनी की परिचालन आय में तिमाही आधार पर 25 प्रतिशत वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी आमदनी और शुद्ध लाभ में 31 प्रतिशत की वृद्धि काफी उत्साहजनक रही है। बीते पूरे वित्त वर्ष के लिए कंपनी की कुल आमदनी 2,622 करोड़ रुपये जबकि शुद्ध लाभ 246 करोड़ रुपये रहा है।

# आरबीआई तीसरी तिमाही तक रेपो दर में कटौती का फैसला सकता हैं टाल



**नई दिल्ली।** सस्ता कर्ज पाने के लिए लोगों को अक्तूबर तक इंतजार करना पड़ सकता है। महंगाई के जोखिम और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के दरों में कोई बदलाव नहीं करने के कारण आरबीआई तीसरी तिमाही तक रेपो दर में कटौती का फैसला टाल सकता है। अर्थशास्त्रियों का पहले मानना था कि जून की बैठक में आरबीआइ दरों में कटौती कर सकता है। अब महंगाई के जोखिम को देखते हुए यह फैसला अक्तूबर से दिसंबर के बीच हो सकता है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इस पूरे साल में रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती की उम्मीद है। फिलहाल रेपो दर 6.5 फीसदी पर बनी हुई है। आरबीआई ने सात बार से दरों को यथावत रखा है। महंगाई आरबीआई के दायरे से अब भी ऊपर है।

**गर्मी बढ़ा सकती है आरबीआई की चिंता :** अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर तक के लिए अपने तिमाही महंगाई पूवार्नुमान को थोड़ा कम कर दिया है। आरबीएल बैंक की अर्थशास्त्री अचला जेठमलानी ने कहा, भारत की विकास दर अच्छी है। महंगाई नियंत्रण में है। लेकिन, गर्मी में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ीं तो महंगाई आरबीआई की चिंता बढ़ा सकती है। इसके साथ ही, वैश्विक विकास पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। अमेरिका समेत दुनियाभर के केंद्रीय बैंक ब्याज दर के मामले में जिस तरह के फैसले लेंगे, आरबीआई भी उसी आधार पर रणनीति बनाएगा।

**कई देश ब्याज दर घटाने में कर सकते हैं विलंब :** मॉर्गन स्टेनली का कहना कि एशिया के अधिकांश केंद्रीय बैंक दरों में कटौती में देरी करेंगे। भारत में भी इस साल कटौती की उम्मीद नहीं है। डीबीएस ग्रुप होल्डिंग्स की अर्थशास्त्री राधिका राव ने कहा, भारत दर में कटौती को अप्रैल, 2025 में शुरू होने वाले वित्त वर्ष तक टाल सकता है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक भी इस साल के अंत तक कटौती कर सकता है।

## राशिफल

**मेष:** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में संयत रहें।

**वृष:** नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन:** मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क:** मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। वस्त्रों एवं वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। किसी पैतृक सम्पत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** मानसिक शान्ति रहेगी। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। बातचीत में संयत रहें। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**मकर:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**कुंभ:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों एवं सम्पत्ति के रख-रखाव पर खर्च बढ़ेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## चुटकुले

भाई कितनी भी पढ़ाई कर लो, डिग्री-विग्री ले लो...
लेकिन रेस्टोरेंट के दरवाजे पर Push और Pull लिखा देखते हो तो...
2-3 सेकेंड के लिए सोचना जरूर पड़ता है कि दरवाजा धकेलना है कि खींचना है।

घर जमाई- आज से मैं रोटी नहीं चावल खाऊंगा.
ससुर- ऐसा क्यों?
घर जमाई- मोहल्ले वालों के ताने सुनकर थक गया हूं रोज कहते हैं कि मैं ससुराल वालों की रोटी तोड़ता हूं।

मरीज- ऑपरेशन सही से करना.
डॉक्टर- ऐसा क्यों कहा?
मरीज- क्यूंकि सर्जन और विसर्जन में थोड़ा सा ही फर्क है।
यदि ऑपरेशन सही से हो गया तो आप सर्जन और यदि आपका हाथ हिल गया तो फिर मेरा विसर्जन।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आंख खोलकर की छींक लगाना नामुमकिन होता है।
- गाय सीढ़ी पर आसानी से चढ़ सकती है लेकिन सीढ़ी से उतर नहीं सकती।
- इंसान के पैर के पंजे में कुल 26 हड्डियां होती हैं.
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पॉसवर्ड 111111, 101010 , 123456 है।
- लड़को के तुलना में लड़कियां ज्यादा जल्दी नई भाषा सीख जाती है।
- आज इस्तेमाल होने वाले Shampoo की खोज भी भारत देश में ही हुई थी Shampoo शब्द का विकृति भी संस्कृत शब्द Champu से हुई थी जिसका मतलब मसाज होता हैं।
- अंग्रेजी के सभी शब्दों में रएळ के सबसे ज्यादा अर्थ निकलते हैं।
- मेंढ़क आंख बंद करके ही कुछ निगल सकता है, बिना आँख बंद किये नहीं निगल सकता।
- इंसान का खून दिन भर में उसके शरीर का लगभग 1000 चक्कर लगाता है।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम हो जाता है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मां के हैप्पी बर्थडे पर बेटे ने सारी दुनिया की खुशी अपनी मां के लिए ईश्वर से मांगी। कनिका कपूर के बर्थडे को उनके बेटे लिराय कपूर ने अपने इस अंदाज से और हैप्पी बनाया। स्पेशल विश में अपनी मम्मी के लिए हैल्थ वैल्थ के साथ आल इज वेल की स्पेशल कामना की।

# गोयल ने चिकित्सा और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत मांगी

**नई दिल्ली।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने चिकित्सा और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत मांगी है, जिसमें कहा गया है कि वह और उनकी पत्नी अनीता गोयल दोनों कैंसर से पीड़ित हैं। न्यायमूर्ति एन जे जमादार की एकल पीठ ने शुक्रवार को कहा कि वह छह मई को आदेश पारित करेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की ओर से मांगी गई अंतरिम चिकित्सा जमानत का शुक्रवार को विरोध किया। हालांकि, एजेंसी ने कहा कि निजी अस्पताल में उनके रहने की अवधि एक महीने के लिए बढ़ाई जा सकती है। गोयल ने चिकित्सा और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत मांगी है, जिसमें कहा गया है कि वह और उनकी पत्नी अनीता गोयल दोनों कैंसर से पीड़ित हैं। न्यायमूर्ति एन जे जमादार की एकल पीठ ने शुक्रवार को कहा कि वह छह मई को आदेश पारित करेगी। एक विशेष अदालत ने फरवरी में गोयल को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में भर्ती होने और चिकित्सा उपचार की अनुमति दे दी थी। गोयल ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर गुण-दोष के आधार पर अंतरिम जमानत और चिकित्सा आधार पर रिहाई का अनुरोध किया था। गोयल के वकील हरीश साल्वे ने अदालत से मामले की मानवीय आधार पर सुनवाई करने का अनुरोध किया, वहीं ईडी के वकील हितेन वेनेगांवकर ने जमानत का पुरजोर विरोध किया और कहा कि जांच एजेंसी को कोई समस्या नहीं है यदि उनके अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि बढ़ाई जाए।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# टी20 विश्व कप की टीम में चुने जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लगी किसकी नजर?

**हैदराबाद।** आईपीएल 2024 में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया। एक वक्त राजस्थान की टीम मजबूत स्थिति में थी, लेकिन डेथ ओवर में हैदराबाद की ओर से शानदार प्रदर्शन ने राजस्थान के हाथों से जीत छीन ली। टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में राजस्थान के तीन खिलाड़ी हैं। इनमें यशस्वी जायसवाल के अलावा संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल हैं। हालांकि, इस मैच में यशस्वी को छोड़कर बाकी दोनों फ्लॉप साबित हुए। टीम चुने जाने के बाद से भारतीय खिलाड़ियों को किसी की नजर लग गई है। चुने गए खिलाड़ियों की ओर से लगातार खराब प्रदर्शन हो रहा है। इससे पहले टीम चुने जाने के बाद मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से चुने गए खिलाड़ियों का भी प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

**सैमसन खाता भी नहीं खोल सके**

202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की टीम को पहले ही ओवर में झटका लगा। भुवनेश्वर कुमार ने जोस बटलर को मार्को यानसेन के हाथों कैच कराया। वह खाता नहीं खोल सके। इसके बाद उम्मीद की गई शानदार फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन लंबी पारी खेलेंगे। हालांकि, पहले ही ओवर में भुवनेश्वर ने सैमसन को क्लीन बोल्ड किया। वह तीन गेंद खेले और कोई रन नहीं बना सके। एक रन पर राजस्थान की टीम ने दो विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, यशस्वी के 40 गेंद पर बनाए गए 67 रन और रियान पराग के 49 गेंद पर बनाए गए 77 रन ने राजस्थान को मुश्किल से निकाला। यशस्वी ने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए थे। वहीं, रियान ने आठ चौके और चार छक्के लगाए। हालांकि, इसके बावजूद टीम एक रन से हार गई।



**चहल काफी महंगे साबित हुए**

इससे पहले सनराइजर्स ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 201 रन बनाए थे। ट्रेविस हेड ने 44 गेंद में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 58 रन की पारी खेली। वहीं, नीतीश रेड्डी ने 42 गेंद में तीन चौके और आठ छक्के की मदद से नाबाद 76 रन और हेनरिक क्लासेन ने 19 गेंद में तीन चौके तीन छक्के की मदद से नाबाद 42 रन बनाए। पिछले कुछ मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले युजवेंद्र चहल से उम्मीद की जा रही थी कि टी20 विश्व कप के लिए चुने जाने के बाद वह अपने चयन को साबित करेंगे। उनकी करीब एक साल बाद अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। हालांकि, हुआ इसके उलट और चहल ने चार ओवर में बिना कोई विकेट लिए 62 रन खर्च कर दिए। उनका इकोनॉमी रेट 15.50 का रहा। रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल आवेश खान ने जरूर चार ओवर में 39 रन देकर दो विकेट लिए।

**यशस्वी ने जबरदस्त वापसी की**

इस सीजन चहल के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने अब तक 10 मैचों में 13 विकेट लिए हैं और पर्पल कैप की रेस में छठे नंबर पर हैं। उनका इकोनॉमी रेट 9.68 का रहा है। वहीं, सैमसन ने इस सीजन अब तक 10 पारियों में 64.17 की औसत और 159.09 के स्ट्राइक रेट से 385 रन बनाए हैं। ऑरेंज कैप की रेस में वह नौवें नंबर पर हैं। उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी नाबाद 82 रन की रही है। शुरूआती कुछ मैचों में विफल रहने के बाद यशस्वी ने टूनार्मेंट में जबरदस्त वापसी की और शतक लगाया। अब तक वह 10 पारियों में 35.11 की औसत और 157.21 के स्ट्राइक रेट से 316 रन बना दिए हैं। नाबाद 104 रन की पारी उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही है।

**पांच जून को भारत का पहला मैच**

आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस सबसे फिसड्डी टीम साबित हुई है। ये दोनों टीमें अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। मुंबई नौवें और आरसीबी 10वें स्थान पर है। हालांकि, इसके बावजूद इन दोनों टीमों को मिलाकर छह खिलाड़ी टी20 विश्व कप की टीम इंडिया में शामिल किए गए। मुंबई के चार और बेंगलुरु के दो खिलाड़ी टीम इंडिया में हैं। राजस्थान, दिल्ली के तीन-तीन खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल किया गया। वहीं बेंगलुरु के अलावा चेन्नई के भी दो खिलाड़ी टीम में हैं।

## टी20 विश्व कप मैच अधिकारियों में नितिन, जयरामन , जवागल श्रीनाथ शामिल



**दुबई।** अंपायर नितिन मेनन और जयरामन मदनगोपाल के साथ मैच रेफरी, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ, आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के पहले दौर के लिए नियुक्त 26 मैच अधिकारियों में शामिल हैं। मदनगोपाल टूनार्मेंट के दौरान सैम नोगाजस्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब के साथ सीनियर पुरुष आईसीसी स्पधाओं में अंपायर के रूप में हिस्सा लेंगे। कुल मिलाकर, 20 अंपायर और छह मैच रेफरी पुरुष टी20 विश्व कप के 9वें संस्करण का संचालन करेंगे। अंपायरों के अनुभवी समूह में वार्षिक आईसीसी पुरस्कारों में आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर के लिए डेविड शेफर्ड ट्रॉफी 2023 के विजेता रिचर्ड इलिंगवर्थ, साथ ही कुमार धर्मसेना, क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल शामिल हैं, जिन्हें 2022 के फाइनल के लिए नियुक्त किया गया था। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में संस्करण, जिसे इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराकर जीता। मैच रेफरी की टीम में रंजन मदुगले की वापसी हो रही है, जिन्होंने 2022 फाइनल की देखरेख की थी और इसमें प्रारूप के सबसे कैप्ड रेफरी, जेफ क्रो 175 टी20 और एंड्रयू पाइक्रॉफ्ट भी शामिल हैं, जो 150 टी20 से एक मैच दूर हैं। टूनार्मेंट में 20 टीमें 28 दिनों तक नौ स्थानों पर 55 मैच खेलेंगी, जिसे आईसीसी इसे अब तक का सबसे बड़ा आईसीसी टी20 विश्व कप कहता है। आईसीसी के महाप्रबंधक (क्रिकेट) वसीम खान ने कहा, हमें विश्वास है कि हमारे अधिकारी जोरदार प्रदर्शन करेंगे। हम उन्हें इस बेहद रोमांचक टूनार्मेंट के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## टी20 विश्व कप टीम में नहीं चुने गए दो गेंदबाजों ने पलटा मैच



**हैदराबाद।** आईपीएल 2024 के 50वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को एक न से हरा दिया। जीत के लिए मिले 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 200 रन ही बना सकी। यह सनराइजर्स की इस सीजन छठी जीत रही और टीम 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 10 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गई। वहीं, राजस्थान की टीम के 16 अंक हैं। उसने अपने 10 में से आठ मैच जीते हैं। हालांकि, एक वक्त मैच पूरी तरह से राजस्थान के पाले में था, लेकिन टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने गए दो अनुभवी गेंदबाजों ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए राजस्थान से जीत छीन ली।

**राजस्थान को आखिरी तीन ओवर में 27 रन बनाने थे**

सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 201 रन बनाए थे। ट्रेविस हेड ने 44 गेंद में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 58 रन की पारी खेली। वहीं, नीतीश रेड्डी 42 गेंद में तीन चौके और आठ छक्के की मदद से 76 रन और हेनरिक क्लासेन 19 गेंद में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 42 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में एक वक्त राजस्थान ने 16 ओवर में चार विकेट गंवाकर 160 रन बना लिए थे। तब रोवमन पॉवेल और शिमरोन हेटमायर क्रीज पर थे। मार्को यानसेन के 17वें ओवर में दोनों ने 15 रन बटोरे। राजस्थान का स्कोर चार विकेट पर 175 रन हो गया। ऐसे में समीकरण आखिरी तीन ओवर में 27 रन का बचा, जो टी20 क्रिकेट और बचे हुए छह विकेट को देखते हुए काफी कम था। हालांकि, मैच यहीं से पलट गया।

**18वें ओवर में यॉर्कर किंग का जलवा**

18वें ओवर में यॉर्कर किंग के नाम से प्रसिद्ध टी नटराजन गेंदबाजी के लिए आए। उन्होंने इस ओवर में केवल सात रन दिए और हेटमायर (13) को पवेलियन भेजा। नटराजन ने अपना स्पेल चार ओवर में 35 रन देकर और दो विकेट लेकर समाप्त किया। 18 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर पांच विकेट पर 182 रन था और जीत के लिए 12 गेंद में 20 रन की जरूरत थी। तब ध्रुव जुरेल और रोवमन क्रीज पर थे। 19वें ओवर में कप्तान पैट कमिंस खुद गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने ओवर की पहली ही गेंद पर ध्रुव जुरेल (1) को आउट कर दिया। कमिंस ने इस ओवर में मात्र सात रन दिए। 19 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर छह विकेट पर 189 रन था और क्रीज पर रोवमन के साथ अश्विन थे।

**20वें ओवर में भुवनेश्वर ने किया कमाल**

आखिरी छह गेंद पर राजस्थान को जीत के लिए 13 रन की जरूरत थी। कप्तान कमिंस ने गेंद भारत के कभी स्ट्राइक बॉलर रहे भुवनेश्वर कुमार को थमाया। अश्विन ने पहली ही गेंद पर एक रन लेकर स्ट्राइक पावर हिटर रोवमन को थमाया। दूसरी गेंद पर रोवमन ने दो रन लिए। भुवी की तीसरी गेंद पर रोवमन ने चौका लगाया। आखिरी तीन गेंद पर राजस्थान को जीत के लिए छह रन चाहिए थे। इसके बाद चौथी गेंद पर पॉवेल ने दो रन लिए और स्ट्राइक अपने पास रखा। पांचवीं गेंद पर पॉवेल ने एक बार फिर दो रन लिए। आखिरी गेंद पर पॉवेल के स्ट्राइक पर रहते आरआर को जीत के लिए दो रन चाहिए थे।

## जून-जुलाई में दक्षिण अफ़्रीका की मेजबानी करेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** जून-जुलाई के महीने में भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ़्रीका की मेजबानी करेगी। इस दौरे पर तीन वनडे, तीन टी20 और एक टेस्ट मैच खेला जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि सीमित ओवरों की दोनों श्रृंखला बेंगलुरु में खेली जाएंगी। सबसे पहले 16 जून को वनडे श्रृंखला का आगाज होगा जबकि दौरे का एकमात्र टेस्ट 28 जून को शुरू होगा। टी20 श्रृंखला टेस्ट मैच के बाद खेली जाएगी। सितंबर अक्तूबर में बांग्लादेश में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए टी20 श्रृंखला का कार्यक्रम बाद में निर्धारित किया गया है। 16,19 और 23 जून को वनडे खेले जाएंगे जबकि 5,7 और 9 जुलाई को टी20 खेले जाएंगे। एकमात्र टेस्ट पहले से आईसीसी के फ़्यूचर टूर प्रोग्राम का हिस्सा नहीं था। इसे क्रिकेट साउथ अफ़्रीका (सीएसए) और बीसीसीआई द्वारा महिला टेस्ट को प्रमोट करने के इरादे से प्रस्तावित दौरे में बाद में जोड़ा गया। सात महीनों में यह तीसरी बार होगा जब भारतीय महिला टीम टेस्ट मैच खेलेगी। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। तीन वनडे मैचों की श्रृंखला आईसीसी विमेंस चैंपियनशिप का हिस्सा है। जिसके तहत शीर्ष चार टीम और मेजबान देश को 2025 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। विश्व कप के इस संस्करण का आयोजन भारत में ही होना है। दक्षिण अफ़्रीका तालिका में इस समय दूसरे स्थान पर है।



## शुभंकर शर्मा, गगनजीत भुल्लर पेरिस ओलंपिक में पदार्पण के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** प्रमुख भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर पेरिस 2024 में ओलंपिक में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। 29 अप्रैल तक ओलंपिक गोल्फ रैंकिंग (ओजीआर) में शुभंकर और गगनजीत क्रमशः 47 और 52वें स्थान पर हैं। और उनके 1 अगस्त को ले गोल्फ नेशनल में भाग लेने वाले 60 पेशेवरों में शामिल होने की उम्मीद है। अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए शुभंकर ने कहा कि वह ओलंपिक के लिए एक सुनियोजित कार्यक्रम का पालन कर रहे हैं। शुभंकर ने साई मीडिया को बताया, मैं खुद से खुश हूं और जहां मैं आज खड़ा हूं। यह सही दिशा में बढ़ रहा है। अब चुनौतियों से ज्यादा, यह उस सप्ताह को सही तरीके से पूरा करने के बारे में है। मैं बहुत सकारात्मक हूं। शुभंकर पेशेवर सर्किट में अपने सीनियर भुल्लर का बहुत सम्मान करते हैं। शुभंकर ने कहा, गगन एक सिद्ध चैंपियन हैं और मैं उन्हें बहुत आदर और सम्मान की दृष्टि से देखता हूं। जीतने के बारे में उनकी मानसिकता अद्भुत है। मुझे यकीन है कि हम दोनों पेरिस में देश को गौरवान्वित करने के लिए एक-दूसरे को प्रेरित करने में सक्षम होंगे।



11 बार के एशियाई टूर चैंपियन और 2006 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता गगनजीत ने कहा कि वह पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भूखे हैं। उन्होंने कहा,टॉप्स में शामिल होना मेरे लिए गर्व का क्षण है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में प्रायोजकों ने मुझे समर्थन दिया है, लेकिन कई चीजें बाकी हैं। मैं एक मनोवैज्ञानिक, कैडी और फिटनेस कोच के साथ अपनी टीम को मजबूत करना चाहूंगा। गगनजीत भुल्लर ने कहा,₹शुभंकर मुझसे बहुत छोटा है, लेकिन मैंने टूनार्मेंट में उसके साथ कुछ राउंड खेले हैं। हम दोनों उत्साहित हैं क्योंकि यह हमारा पहला ओलंपिक है। गोल्फ एक ऐसा खेल है जिसमें कुछ भी हो सकता है, कुछ अच्छे राउंड, कुछ अच्छे शॉट निश्चित रूप से परिणाम तय करने में काफी मदद कर सकते हैं।" युवा मामले और खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के समर्थन से प्रेरित होकर, चंडीगढ़ स्थित पेशेवरों को ग्रेड बनाने के लिए अपनी रैंकिंग को पर्याप्त ऊंचा रखने का भरोसा है। शुभंकर को हाल ही में डेवलपमेंट ग्रुप से टॉप्स कोर ग्रुप में अपग्रेड किया गया था, जबकि गगनजीत को सीधे कोर ग्रुप में शामिल किया गया था। शुभंकर ने कहा, टॉप्स सरकार की एक महान पहल है और उच्चतम स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले योग्य खिलाड़ियों का समर्थन करती है। कम ही लोग जानते होंगे कि गोल्फ कई पहलुओं में अलग है, खासकर जहां तक खर्चों का सवाल है। इसलिए, सरकार के किसी भी समर्थन का हमेशा स्वागत रहेगा। मैं ओलंपिक में देश की उम्मीदों को पूरा करने के लिए अपने अनुभव का उपयोग करूंगा। कहने की जरूरत नहीं है, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा।

## अगर पाकिस्तान हारता है, तो पीसीबी कर्स्टन को दोषी ठहराएगा... यह हमारी परंपरा है: राशिद लतीफ

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस सप्ताह गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को क्रमशः सफेद गेंद और लाल गेंद वाली क्रिकेट टीमों के लिए दो साल के कार्यकाल के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है। हालाँकि, नियुक्ति के समय ने क्रिकेट जगत में बहस छेड़ दी है क्योंकि आईसीसी टी20 विश्व कप बस कुछ ही दिन दूर है। आईएएनएस से बात करते हुए, पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज राशिद लतीफ ने भी देर से नियुक्तियों पर चिंता व्यक्त की। राशिद ने कहा,गैरी कर्स्टन भारत के लिए और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी एक सफल कोच रहे हैं। लेकिन (उनकी नियुक्ति की) टाइमिंग गलत है, पाकिस्तान में हमेशा से जो समस्या पैदा होती रही है, वह है टाइमिंग। यह मेरे सिर से ऊपर है... अगले महीने हम विश्व कप में जा रहे हैं। विश्व कप की राह पर हम 7 मैच खेल रहे हैं। समय बहुत कम है. अगर वे हारते हैं तो बोर्ड कर्स्टन या बाबर आजम को दोषी ठहराएगा। यह हमारी परंपरा है, मैं बाबर या कर्स्टन को दोष नहीं दूंगा। " पाकिस्तान के पास निश्चित रूप से एक फायदा है कि आप आईसीसी आयोजनों में उनकी उपेक्षा नहीं कर सकते, आप उन्हें खारिज नहीं कर सकते। वे कहीं से भी प्रकट हो जाते हैं... ऐसा कई मौकों पर हुआ है. कर्स्टन और गिलेस्पी दोनों बहुत अनुभवी कोच हैं और उनके पास प्रभावशाली रिकॉर्ड हैं। लेकिन उन्हें पहले बुलाया जाना चाहिए था।" उन्होंने कहा, आज, अगर मुझे पता है कि यह मेरा मुख्य कोच है, यह मेरा कप्तान है और यह मेरी चयन समिति है... गति ऐसी है जैसे ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड में होती है कि वे जानते हैं कि ये हमारे 12-13 निश्चित खिलाड़ी हैं और यह मेरे कोच हैं. आपको यह सब 6-8 महीने या एक साल पहले ही पता होना चाहिए था। गुरुवार को पीसीबी ने आयरलैंड (10-14 मई) और इंग्लैंड (22-30 मई) के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए अपनी 18 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की। आईसीसी की 24 मई की समय सीमा को पूरा करने के लिए 22 मई को लीड्स में पहले टी20 के बाद अगले महीने के विश्व कप 2024 के लिए टीम 15 खिलाड़ी तक कर दी जायेगी। पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति ने 18 खिलाड़ियों की टीम में तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के साथ-साथ ऑलराउंडर हसन अली और सलमान अली आगा को वापस बुला लिया है। जिन दो क्रिकेटरों को न्यूजीलैंड का सामना करने वाली मूल 17-खिलाड़ियों की टीम में जगह नहीं मिली, वे कलाई के स्पिनर उसामा मीर और तेज गेंदबाज जमान खान हैं।



## टीम इंडिया बनी वनडे-टी20 में नंबर वन



**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा शुक्रवार को जारी वार्षिक अपडेट के बाद भारत ने पुरुषों की वनडे और टी20 रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। टेस्ट रैंकिंग में भारत दूसरे स्थान पर है जबकि नंबर-1 पर ऑस्ट्रेलिया पर कब्जा है। टेस्ट रैंकिंग के लिए, आईसीसी ने कहा कि वार्षिक अपडेट 2020-21 सीजन के परिणामों को हटा देता है और मई 2021 के बाद से पूरी हुई सभी श्रृंखलाओं को दशार्ता है। वर्तमान विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेता ऑस्ट्रेलिया अब 124 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। शीर्ष स्थान छोड़ने वाला भारत रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया से केवल चार अंक पीछे है और तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका 103 अंकों के साथ 100 अंकों से ऊपर चौथी टीम है। भारत मुख्य रूप से इसलिए फिसला क्योंकि 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में उसकी 2-1 सीरीज जीत रैंकिंग से हटा दी गई है। तीसरे से नौवें स्थान पर रहने वाली टीमों का क्रम समान रहता है। अब केवल नौ टीमें रैंकिंग में हैं क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड ने अभी तक पर्याप्त टेस्ट नहीं खेले हैं जबकि जिम्बाब्वे भी बाहर है क्योंकि उन्होंने पिछले तीन वर्षों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं। रैंकिंग तालिका में आने के लिए टीमों को तीन साल की अवधि में कम से कम आठ टेस्ट खेलने होंगे। सफेद गेंद वाले मैचों के मामले में, भारत वनडे और टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर है, क्योंकि वार्षिक अपडेट में कहा गया है कि इसमें मई 2023 से पहले पूरे किए गए मैचों को 50 प्रतिशत और बाद के मैचों को 100 प्रतिशत पर महत्व दिया गया है।

## धोनी-कोहली नहीं बल्कि इस बल्लेबाज से गंभीर को लगता था डर

**मुंबई।** आईपीएल 2024 का 51वां मैच शुक्रवार कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए मुंबई को हर हाल में इस मुकाबले में जीत दर्ज करनी होगी। इससे पहले केकेआर के मेंटर गौतम गंभीर ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से उन्हें सबसे ज्यादार डर लगता है।

कोलकाता नाइट राइडर्स को दो बार चैंपियन बना चुके गौतम गंभीर ने अपने कप्तानी के दिनों को याद किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को रन बनाने से रोकने के लिए उन्हें कई प्लान बनाने पड़ते थे। दिग्गज ने बताया कि हिटमैन की वजह से उनकी रातों की नींद तक उड़ गई थी। उनके लिए रोहित को रोकना एक बड़ी चुनौती होता था। कोलकाता के खिलाफ रोहित बना सकते हैं बड़ा रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले जाने वाले मैच मुंबई के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा की नजर एक बड़े रिकॉर्ड पर होगी। वह केकेआर के खिलाफ आज 54 रन का आंकड़ा छूते ही आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। फिलहाल इस लिस्ट में पहला नाम डेविड वॉर्नर का है जिन्होंने केकेआर के खिलाफ 28 पारियों में 1093 रन बनाए हैं। वहीं रोहित शर्मा केकेआर के खिलाफ 31 पारियों में 1040 रन बना कर दूसरे नंबर पर हैं, डेविड वॉर्नर को पीछे छोड पहले नंबर पर आने से रोहित केवल 54 रन दूर हैं।



**'मेरी रातों की नींद उड़ गई'**

गंभीर ने कहा, एकमात्र बल्लेबाज जिससे मैं डरता हूं वह रोहित शर्मा हैं। एकमात्र बल्लेबाज जिसने मेरी रातों की नींद उड़ा दी है... न क्रिस गेल, न एबी डिविलियर्स, केवल रोहित। मैं हमेशा से जानता था कि मेरे पास एक प्लान ए, एक प्लान बी और शायद एक प्लान सी भी होना चाहिए क्योंकि अगर रोहित अंदर है, तो मुझे नहीं लगता कि कोई भी चीज उन्हें कंट्रोल कर सकती है।

**गंभीर का बयान**

गौतम गंभीर ने आगे कहा,₹मैंने रोहित शर्मा को छोड़कर आईपीएल में किसी अन्य बल्लेबाज के लिए कभी योजना नहीं बनाई है। कई बार मैंने दृश्य देखे थे और मैंने कहा था, 'काफी ठीक है। प्लान ए ठीक है।' लेकिन रोहित के लिए, एक रात पहले मैं ऐसा करता था सोचो, अगर यह काम नहीं करता है तो मुझे दूसरी योजना लेनी होगी।

## गुजरात को ढूंढना होगा कोहली का तोड़?

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार को अपने घर में आईपीएल के 52वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटी) का सामना करने उतरेगी। प्लेऑफ में पहुंचने के लिहाज से यह मैच दोनों टीमों के लिए बेहद अहम है। ऐसे में कुछ ऐसे आंकड़ों का रुख करते हैं जो कि इस मैच को प्रभावित कर सकते हैं।

**राशिद के पास है कोहली का तोड़**

अहमदाबाद में हुए पिछले मैच में विराट कोहली ने आरसीबी की जीत की आधारशिला रखी थी। शनिवार को वह चिन्नास्वामी स्टेडियम में बल्लेबाजी करने उतरेंगे जो उनको काफी रास आता है। जीटी के अधिकतर गेंदबाज कोहली के सामने पानी मांगते ही नजर आते हैं लेकिन राशिद खान अगर लय में लौट जाएं तो कोहली के लिए मुश्किल जरूर खड़ी हो सकती है। राशिद के खिलाफ कोहली का स्ट्राइक रेट 124 का है जबकि आईपीएल में वह दो बार राशिद का शिकार भी बन चुके हैं। साई किशोर के खिलाफ भी कोहली का बल्ला शांत ही रहता है। भले ही किशोर उन्हें एक बार भी अपना शिकार नहीं बना पाए हों लेकिन किशोर के खिलाफ कोहली का स्ट्राइक रेट 112.5 का है। राहुल तेवतिया के खिलाफ भी कोहली 34 गेंदों पर 40 रन ही बना पाए हैं।

**क्या लय में लौटेंगे गिल और मिलर?**

पिछले मैच में शुभमन गिल अपनी एक ठोस शुरूआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए थे। इस सीजन जीटी के शीर्ष क्रम से रन ना निकलने से उनका प्रदर्शन बहुत हद तक प्रभावित हुआ है। हालांकि आरसीबी के खिलाफ गिल और डेविड मिलर का रिकॉर्ड अच्छा है। आरसीबी के खिलाफ गिल के नाम एक शतक है तो वहीं मिलर भी इस प्रतिद्वंद्वी के विरुद्ध एक शतक लगा चुके हैं। हालांकि आरसीबी के सामने अगर जीटी चाहे तो केन विलियमसन को भी मैदान में उतार सकती है क्योंकि आरसीबी के खिलाफ विलियमसन का औसत 50 के भी ऊपर है और उनके खाते में पांच अर्धशतक भी हैं।

## गुमशुदा की तलाश



नाम - गोलू उर्फ योगेन्द्र शर्मा
पिता- देवेन्द्र कुमार शर्मा
उम्र- करीब 24 वर्ष
निवासी-ग्राम सिकरोड थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद
लंबाई- 5 फुट 7 इन्च
हुलिया - रंग गेहुंआ सामान्य मजबूत शरीर
पहनावा- हरे रंग की चैक की शर्ट नीली जीन्स सफेद जूते पहनी है

सूचित करना है कि यह व्यक्ति दिनांक 01-05-2024 को समय करीब शाम 20.00 बजे अपने आफिस डी के ट्रेडर्स, लाल मंगतराम बीएड कालेज के सामने गढी थाना नन्दग्राम गाजियाबाद को बंद कर के बाहर निकले थे तभी से लापता है जिस सम्बन्ध मे थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद पर गुमशुदगी दर्ज है ये व्यक्ति किसी को भी मिले कृपया कर के निम्न नंबरो पर सूचित करने की कृपा करें।

देवेन्द्र कुमार शर्मा
नि0 सिकरोड नन्दग्राम गा0बाद
थाना मुरादनगर गा0बाद
मो0-9350709417,9313999126

उ0नि0 सन्दीप सिंह
थाना नन्दग्राम गा0बाद
मो0-9927100603

थाना प्रभारी महोदय गढी थाना
थाना नन्दग्राम
मो0- 9643322939

# इंदिरापुरम साया गोल्ड सोसायटी में दूषित पानी पीने से 200 से अधिक लोग बीमार









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित साया गोल्ड सोसासटी में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही दूषित पानी की सप्लाई को लेकर स्थानिया निवासियों में आक्रोश है। स्थानीय निवासियों का कहना है दूषित पानी पीने से 200 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं।

स्थानिया निवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पीने के पानी में सीवर का पानी मिलकर आ रहा था, जिसके चलते मजबूरन लोगों को यही पानी पी रहे थे। यह पानी पीने से बच्चे और बड़ों को मिलाकर लगभग 200 से ज्यादा लोग बीमार हुए हैं।

पहले पहले तो लोगों को पता नहीं चला कि लोग बीमार क्यों हो रहे हैं। जब लगतार बीमार होने वालों की संख्या बढ़ने लगी तो दूषित पानी पीने से ऐसा हुआ है। जिसके बाद लोग इसके विरोध में सोसायटी में हंगामा कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलनेवके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम सोसायटी में पहुंची है। जहां बड़ी संख्या में सोसायटी निवासियों की जांच की गई और उन्हें दवा दी गई। स्वस्थ्य विभाग की टीम में शामिल डॉक्टरों ने बताया कि यह लगभग की 40 से अधिक लोगों का उपचार किया गया है और दवा दी गई है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर बच्चों और बड़ो को उल्टी दस्त पेट में दर्द सहित अन्य दिक्कत हो रही है। साथ ही पानी के सैम्पल लिए गए है। सोसायटी में 1500 से ज्यादा फ्लैट हैं। बिल्डर इसका मेंटेनेंस देखता है।

# इंजीनियर बेटे का हैदराबाद के रेलवे ट्रैक पर मिला शव, चौंकाने वाले तथ्य सामने आये



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** इकलौते इंजीनियर बेटे का हैदराबाद वारंग में रेलवे ट्रैक पर मिले शव को लेकर शोक संतृप्त परिवार के साथ मृतक की पत्नी के मायके पक्ष की ओर से किये गये अभद्र व्यवहार के बाद चैंकाने वाला मामला सामने आया है।

मृतक बेटे के पिता कावेरी एनक्लेव निवासी रामनिवास गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसके बेटे की उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर हत्या कर दी है। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया था। हाल ही में गणमान्य लोगों के समझौते के तहत वह हैदराबाद 20 अप्रैल को पति के पास रहने पहुंची थी। खुलासा हुआ कि वह गर्भवती है, जिस पर बेटे ने पिता को जानकारी दी कि जब उसके शारारिक संबध ही पत्नि से अब तक नही बने तो यह गर्भवती कैसे हुई। शिकायतकर्ता पिता ने पत्नी के प्रेमी के खिलाफ दी गयी शिकायत पर पुलिस जांच कर रही हैं। बताते चले कि कावेरी एनक्लेव निवासी रामनिवास गुप्ता का बेटा हिमांशु गुप्ता (30) हैदराबाद के वारंग क्षेत्र मे सरकारी प्रतिष्ठान में जूनियर इंजीनियर पद पर कार्यरत था। 30 अप्रैल को उन्हे हैदराबाद पुलिस से सूचना मिली कि वारंग के पास रेलवे ट्रैक पर उनके बेटे का क्षतविक्षप्त शव पड़ा मिला है। इस सूचना के मिलने के बाद शोक संतप्त परिवार जब यहां गमगीन माहौल में बैठा था। आरोप है कि मायके पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों ने आकर मृतक बेटे के पिता से अभद्रता व मारपीट करनी शुरू कर दी। जिसे लेकर खुलासा करते हुये पुलिस को बताया कि उसके बेटे की पत्नि का प्रेम प्रंसग चल रहा था, शादी के बाद से ही बेटे की पत्नी उसके साथ रहने को तैयार नही थी। परिजनों ने हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंककर आत्महत्या का रूप दिये जाने की साजिश का आरोप लगाया है। इस सबंध मे पत्नि व उसके मायके पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगायी हैं। उधर इकलौते बेटे की मौत हो जाने को लेकर कालोनी में गमगीन माहौल है।



**बैठक**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महानगर महामंत्री राजेश त्यागी इन दिनों चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। वो हरदोई विधान सभा प्रवासी के तौर पर चौथे फेस के चुनाव में बूथ प्रबंधन हेतु संगठन योजना पर काम कर रहे हैं। लखनऊ में प्रदेश बीजेपी कार्यालय पर प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल जी द्वारा ली गई बैठक में राजेश त्यागी मौजूद रहे।**

## शराब का ठेका बंद कराने की मांग

# महिलाओं ने की गांव खिमावती में पंचायत



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में गांव खिमावती में शराब के ठेके का विरोध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। महिलाओं ने शराब का ठेका बंद करने की मांग को लेकर एक पंचायत की और जमकर हंगामा कर प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना है कि शराब के ठेके से गांव में अराजकता फैल रही है। जल्द मांग पूरी ना होने पर जबरदस्ती ठेका बंद करने की चेतावनी भी दी गई है। गांव खिमावती में पिछले पांच साल से शराब का ठेका का संचालन हो रहा है। पिछले दिनों गांव में चार साल की बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर दी गई थी। अत्याधिक शराब पीने वाले बच्ची की हत्या की थी। बच्ची की हत्या के बाद से ही गांव खिमावती में शराब का ठेका बंद करने की मांग शुरू हो गई थी। महिला कई बार शराब का ठेका बंद करने की मांग कर चुकी है। शुक्रवार को महिलाओं ने एक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में महिलाओं ने कहा कि शराब का ठेका आबादी के बीच व सरकारी स्कूल के पास है। सुबह से ही शराब के ठेके के आसपास शराबियों का जमवाड़ा लगना शुरू हो जाता है। शराबी आती जाती महिलओं के साथ अभद्रता करते है। इस बात को लेकर रोजाना झगडे होते है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द शराब का ठेका नहीं हटाया गया तो उसे जबरन बंद करा दिया जाएगा। इससे पहले महिलाओं ने शराब का ठेका बंद कराने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर जिलाधिकारी को पत्र भेजा था। पंचायत में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

# घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक गांव में दोपहर अकेली देख युवती के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। अलग-अलग दो समुदाय का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। भोजपुर थानान्तर्गत एक गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उन्होंने बताया कि दोपहर को घर में कोई था। मेरी 24 वर्षीय विवाहित पुत्री अकेली थी। वह अपने छोटे बच्चे को दूध पिला रही थी। इसी बीच गांव निवासी दूसरे समुदाय का युवक दीवार फांदकर अंदर आ गया। आरोपी युवक ने युवती के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं जबरन कमरे में खीचकर दुष्कर्म का प्रयास करने की कौशिक की। विरोध करने पर युवती को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। किसी तरह युवती ने शोर मचा दिया। शोर सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। अलग-अलग समुदाय का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है। इस संबंध में भोजपुर थाने में तहरीर दी है। एसीपी कार्यवाहक ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिजवान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दो महिलाओं के साथ मारपीट व छेड़छाड

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** खेत मे बकरी के घुसने पर चारे का नुकसान होने की शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचना महिला को काफी महंगा पडा। आरोपी पक्ष ने धारधार हथियार से महिला का सिर फोड़ दिया ओर उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए कपडे तक फाड़ डाले। पुलिस ने महिला की शिकायत पर तीन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भोजपुर थानान्तर्गत गांव तोड़ी-13 बिस्वा मे गांववासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया है कि जब वह खेत पर काम कर रही थी, तभी पड़ोसी की बकरी आकर उसका चारा खाने लगी। इससे पूर्व भी बकरी के खेत में घुसने का वह आरोपी पक्ष के समक्ष विरोध जाहिर कर चुकी थी। बकरी घुसने को लेकर जब वह आरोपी के घर पहुंची। आरोप हैं कि वहां मौजूद तीन लोगों में से एक ने उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। विरोध जताने पर उन तीनों ने उसके सिर पर धारधार हथियार से वार कर घायल कर दिया और कपड़े तक फाड डाले। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस मामले में महिला की दी तहरीर पर इमराना, जानु, नजरू के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया हैं। आरोपों की जांच की जा रही हैं। वहीं दूसरी घटना मे गांववासी महिला मेनाज के साथ भी दो युवको ने गाली गलौच कर उसे पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले मे महिला मेनाज की ओर से गांव के ही कादिर व सुल्तान के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का मामला दर्ज किया हैं।

## न्यूज डायरी

### 10 वीं का छात्र लापता

मोदीनगर (करंट क्राइम)। दसवीं का एक छात्र घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने घर से एक पत्र भी बरामद किया है जिसमें युवक ने फिर परेशान ना करने का जिक्र किया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुये पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। शास्त्री नगर मौहल्ले में निशांत गौड़ सपरिवार रहते हैं। उनका 16 वर्षीय पुत्र युवांश शर्मा छाया पब्लिक स्कूल में कक्षा दस मे पढ़ता है। वह घर से टहलने की बात कहकर निकला। जब वह वापस नही लौटा तो परिजनों ने उसकी काफी तलाश की। इस बीच उसके हाथ से लिखा पत्र घर में मिला कि अब वह परेशान नहीं करेगा। उसके इस पत्र को भी पुलिस को सौंप दिया गया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुये पुलिस से गायब बेटे को सकुशल बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस छात्र की तलाश में जुटी है।

### लघु उद्योग भारती का 30वां स्थापना दिवस मनाया

मोदीनगर (करंट क्राइम)। लघु उद्योग भारती की सिखेड़ा रोड इंडस्ट्रीयल एरिया की इकाई की ओर से संस्था का 30वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर संगठन की मजबूती प्रदान करने पर बल दिया गया। औद्योगिक क्षेत्र से जुडी समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गयी। इस समारोह में संस्था के ईकाई अध्यक्ष हरिकिशन अग्रवाल, महासचिव मुरादनगर पवन गुप्ता, कोषाध्यक्ष एनपी सक्सेना, सचिन गुप्ता, नीरज गुप्ता, मुकेश गोयल, धर्मेश शर्मा, हर्षित, अभिषेक जैन, अजय आदि उपस्थित रहे।

### युवक पर धारधार हथियार से हमला

मोदीनगर (करंट क्राइम)। एक युवक के बाजार जाते समय दबंगों ने रास्ते में रोककर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। घायल के पिता की ओर से तीन को नामजद किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। भूपेंद्रपुरी कालोनी निवासी दीपक कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि सांय जब उसका बेटा बाजार से खरीदारी करने के लिये घर के समीप स्थित एक दुकान पर गया था, तभी रास्ते में उसे बेगमाबाद के कुछ युवकों ने रोक लिया ओर गाली गलौच करनी शुरू कर दी। विरोध जताने पर धारधार हथियार से उस पर हमला बोल कर उसे घायल कर दिया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मारपीट की इस घटना मे आरोपी रिहान मलिक, पट्टेरा व कुछ अन्य के खिलाफ दर्ज कर ली गयी है, जांच की जा रही है।

### टॉवर से चोरी, रिपोर्ट दर्ज

मोदीनगर (करंट क्राइम)। एक टावर से बैट्री व केबिल चोर चुरा ले गये। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज की है। गांव बिशोखर के दयाचंद प्रधान के खाली प्लाट पर टावर विजन प्रा0 लि0 का टावर लगा है। रात्रि चोरों ने टावर की बैट्री व केबल चुरा लिया। कंपनी के नोएडा निवासी आर्यन ने इस बावत रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। पुलिस जांच कर रही है।

### गेंहू की फसल जली, गिरा हाईटेंशन लाइन तार

मुरादनगर (करंट क्राइम)। नगर क्षेत्र के गांव भिक्कनपुर में ग्यारह हजार की हाईटेंशन लाइन एकत्र किए गए गेंहू की फसल पर गिरा गया। जिस कारण दस बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है। गांव भिक्कनपुर निवासी किसान अमित, दीपू व विमल खेती करके परिवार का लालन पालन करते है। उनके खेत से ग्यारह हजार की हाईटेंशन लाइन जा रही है। तीनों किसानों ने खेत से गेंहू की फसल काटकर एक थ्रेशर मशीन में निकालने के लिए एकत्र किए थे। चल रही तेज हवा के चलते अचानक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गेंहू की फसल पर गिर गया और आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया और गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।

### आरटीआई कार्यकर्ता को दी जान से मारने की धमकी

मोदीनगर( करंट क्राइम)। मेरठ के एक आरटीआई कार्यकर्ता को स्कूटी सवार दो युवकों ने रोककर जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई इस्पेक्टर बनकर सर्वे करते मोदीनगर देखा तो परिणाम भुगतना पड़ेगा। पुलिस ने पीड़ित की दी तहरीर पर अज्ञात दो युवको के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। मेरठ के लालकुर्ती थानान्तर्गत धौसी निवासी राजेंद्र प्रसाद धामा विकंलाग है। उन्होंने बैंक ऋण संबधित कई पत्रवालियों को लेकर आरटीआई के जरिये जानकारी मांगी। आरोप है कि जब वह दो दिन पूर्व स्कूटी से गाजियाबाद की ओर जा रहे थे, तभी काजमपुर गेट के समीप दो बदमाशों ने उसकी स्कूटी रोक ली ओर गाली गलौच देते हुये कहा कि यदि मोदीनगर में सर्वे करते दिखे तो मार दिये जाओगे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### पालिका कर्मी व बाईक सवार के बीच जमकर हंगामा

मोदीनगर (करंट क्राइम)। पालिका में सविंदा कर्मी जेसीबी चालक व एक बाइक सवार में जमकर कहासुनी हुई। दोनों पक्ष आमने-सामने आये। सूचना मिलने पर निवाड़ी चौकी पंहुचे दर्जनों पालिका सफाई कर्मियों ने हंगामा करते हुये आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जेसीबी चालक अभिषेक जाटव निवाड़ी रोड स्थित गंदे नाले की जेसीबी मशीन से सफाई कार्य कर रहे थे, कि इसी बीच निकट से बाइक सवार गांव बेगामाबद निवासी अनुज मलिक नामक युवक बाइक पर सवार हो गबुतर रहा था कि जेसीबी के निकट से होकर गुजर रहा अनुज किसी तरह बाइक से नीचे गिर गया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नही बनते देख पुलिस ने तहरीर ले कार्रवाही का आश्वासन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# श्रीराम विवाह की कथा सुन भक्त हुए भावविभोर, विवाह के दृश्य का रसपान करते रहे श्रोता





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** चंद्रनगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा में कथावाचक गोडेश्वर मुकुंद महाराज ने कहा कि सीता जी माता गौरी की पूजा के लिए फुलवारी से फूल तोड़ने जाती हैं। उसी फुलवारी में भगवान श्रीराम के दर्शन होते हैं। सीताजी की नजर श्रीराम पर पड़ती है तो वह मोहित हो जाती हैं। राम विवाह की कथा भाव पूर्वक सुनाएं कथा के दौरान उन्होंने श्रीराम विवाह का बखान किया। राम-सीता विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

कथावाचक ने राम विवाह के दृश्य का रसपान कराते हुए श्रोताओं को बताया कि राजा जनक गुरु विश्वामित्र के साथ राम व लक्ष्मण को धनुष यज्ञशाला ले गए। यहां देश-विदेश के राजा सुंदर सिंहासनों पर विराजमान थे। राजा जनक ने अपनी प्रतिज्ञा के बारे में सभी को अवगत कराया कि जो इस धनुष को तोड़ेगा उसके साथ सीताजी का विवाह होगा। सभी राजाओं ने बारी-बारी से धनुष तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे।निराश राजा जनक को देखकर विश्वामित्र का इशारा पाकर भगवना श्रीराम धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते हैं और धनुष टूट जाता है। इसके बाद श्रीराम व सीताजी एक-दूसरे के गले में वरमाल डाल देते हैं।श्रीराम विवाह की कथा सुन भक्त हुए भावविभोर।

कथावाचक ने श्री राम विवाह की कथा भाव पूर्वक सुनाएं कथा के दौरान उन्होंने श्रीराम विवाह का बखान किया। राम-सीता विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस अवसर पर रीता सिंह, इन्दू ग्रोवर, सरोज, लक्ष्मी शर्मा, रचना अग्रवाल, पूनम शर्मा, राजेश शर्मा, रमा अग्रवाल, विशंभर श्रीवास्तव, अनुपम श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, हरिमोहन भटनागर, केएन अग्रवाल, पीएम पांडे रजनी, गोविंद नयन बाला, दीपा श्रीवास्तव, मीनू खनेजा, पूनम शर्मा, अनिल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण बंसल, मोनिका सिंह और पुष्कल सिंह आदि शामिल हुए।

# निर्वाचन में कार्यरत जिन कार्मिकों का मानदेय नहीं पहुंचा, विभागाध्यक्ष के माध्यम से मंगलवार तक जमा करें अपने कागजात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्य विकास अधिकारी/ कार्मिक प्रभारी लोकसभा निर्वाचन गाजियाबाद अभिनव गोपाल (आईएएस) ने जानकारी दी कि लोकसभा निर्वाचन में लगे सभी कार्मिकों का मानदेय ऑनलाइन उनके खातों में प्रेषित किया गया है किंतु कुछ कार्मिकों का मानदेय उनके खातों में विभिन्न कारणों से नही पहुंचा है। अतः कार्मिकों से अनुरोध है कि यदि आपका मानदेय आपके खाते में नहीं पहुंचा है तो आप अपनी ड्यूटी की डिटेल के साथ-साथ बैंक डिटेल अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय या एनआईसी कक्ष संख्या 226 में हार्ड कॉपी में मंगलवार तक भिजवाना सुनिश्चित करें, जिससे कि आपका मानदेय आपके खाते में प्रेषित कराया जा सके। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी/कार्मिक प्रभारी द्वारा विभाग अध्यक्षों को भी निर्देश जारी किए गए हैं। ध्यान रहे कि अपनी ड्यूटी का पूर्ण विवरण बूथ संख्या समेत भेजें तथा बैंक खाते का विवरण भी आईएफएससी कोड सहित विवरण भेजें।

### युवक को ऑनलाइन टॉस्क पूरा करने का दिया झांसा, 1.39 लाख रुपए ठगे

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित राधेश्याम विहार कॉलोनी फेस वन निवासी एक युवक को ऑनलाइन टॉस्क पूरा करने का झांसा देकर 1.39 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की राधेश्याम विहार कॉलोनी निवासी कपिल शर्मा वा राजीव कुमार शर्मा अपनी पत्नी रीना कुमारी व पुत्र अवरिल के साथ रहते है। रीना कुमारी ने बताया कि मेरे पुत्र अवरिल के मोबाइल पर एक मैसेज आया। उसके द्वारा अवरिल को टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा दिया और उसे टॉस्क दिया गया और कहा कि इसकी तीन स्टेज है। हर स्टेज पर पैसे देने होगा और पार करने पर पैसे मिलेंगे। इसे बाद अवरिल से उन्होने टॉस्क पूरा करने की बात कहकर कई बार में 1.39 लाख रुपए ले लिए। अंत में डेढ लाख रुपए और मांगे गए और कहा गया कि इसके बाद तुम्हारे सारे पैसे आ जाएगे।

# आई.टी.एस. मोहननगर संस्थान के 18वें वार्षिकोत्सव 'नवतरंग 2024' में लोकप्रिय गायिका कनिका कपूर के गानों की धुनों पर जमकर थिरके छात्र-छात्राएं




### दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ

वार्षिकोत्सव का उद्घाटन सुबह 9:30 बजे कॉलेज के प्रेक्षागृह में किया गया। उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस वार्षिकोत्सव का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था। जहां पर वो अपनी अतिरिक्त कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें। उद्घाटन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम के दौरान चड्ढा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी अद्भुत संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखने का अवसर प्रदान करना था।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शुक्रवार को राजधानी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए मौज-मस्ती, डांस, गाने-बजाने एवं धूम मचाने का दिन रहा। जब आई.टी.एस. मोहननगर संस्थान ने अपने 18वें सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव 'नवतरंग - इंटर कॉलेज कल्चरल फेस्ट 2024' का आयोजन किया। दो दिन तक चले इस वार्षिकोत्सव में 22 तरह की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्विज, क्रॉसवर्ड, बिजनेस प्लान, सोलो डांस, ग्रुप डांस, टी शर्ट पेंटिंग, क्रिएटिव राइटिंग, नेल आर्ट, स्ट्रीट प्ले, सोलो सिंगिंग, बैटल ऑफ बैंड, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, फैशन शो, पोएट्री, मिमिक्री, अंताक्षरी, डुएट सिंगिंग, डिबेट कम्पटीशन, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सुडोकू आदि का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लगभग 100 महाविद्यालयों के 1000 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अधिकांशत दिल्ली विश्वविद्यालय, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, सुभारती विश्वविद्यालय एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने खूब बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए।

**छात्रों ने इस अवसर का भरपूर आनंद लिया और खूब जमकर नाचे**

वार्षिकोत्सव के समापन को और शानदार बनाने के लिए लोकप्रिय बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर द्वारा गीत प्रस्तुत किये गए। बेबी डॉलङ्क, चिट्टियां कलाइयां झांज जैसे सुपरहिट गीत गाने वाली लोकप्रिय गायिका कनिका कपूर को इस बार नवतरंग वार्षिकोत्सव के अवसर पर सेलिब्रिटी नाइट के लिए आमंत्रित किया गया था। सेलिब्रिटी नाइट में कनिका कपूर ने अपने सुपरहिट गानों को गाकर माहौल को उत्साह से भर दिया। छात्रों ने इस अवसर का भरपूर आनंद लिया और खूब जमकर नाचे। इस अवसर पर आई.टी.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, सचिव बी.के. अरोरा, डायरेक्टर पी.आर. सुरेंदर सूद, यू.जी. कैंपस के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पांडेय, यू.जी. कैंपस की वाईस प्रिंसिपल प्रोफेसर नैंसी शर्मा, अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को लताड़ा

● कहा- हर मामले में इनका ट्रैक रिकॉर्ड खराब है

**न्यूयॉर्क।** भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। भारत ने पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। संयुक्त राष्ट्र में 'शांति की संस्कृति' विषय पर आम सभा की बैठक हुई, जिसमें पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने भारत के खिलाफ बयानबाजी की और कश्मीर, सीएए और अयोध्या के राम मंदिर के मुद्दे पर भारत के खिलाफ टिप्पणियां की। इसका जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा।

### भारत कई धर्मों की जन्मस्थली

भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि 'आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ है और यह धर्म की शिक्षाओं जैसे दया, सहअस्तित्व के भी खिलाफ है। हमारा देश मानता है कि ये पूरी दुनिया एक परिवार है और संयुक्त राष्ट्र सभा के सभी सदस्य देशों को भी ऐसा मानना चाहिए ताकि शांति की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।'

कंबोज ने कहा वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं। बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और धर्म आधारित हिंसा की चुनौतियों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। पवित्र स्थलों जैसे चर्च, बौद्ध स्थल, गुरुद्वारे, मस्जिद, मंदिर और यहूदी धर्मस्थलों पर हमलों की घटनाओं में तेजी आने से हम चिंतित हैं।

कंबोज ने कहा कि 'अहिंसा का मंत्र महात्मा गांधी ने दिया था और यह आज भी हमारे देश का आधार है। पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि भारत न सिर्फ हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली है बल्कि यहां इस्लाम, यहूदी, ईसाई और पारसी जैसे धर्मों का भी मजबूत आधार है।

### भारत ने पाकिस्तान को पढ़ाया शिष्टाचार का पाठ

रुचिरा कंबोज ने कहा कि 'इस सभा में हम शांति की संस्कृति की बात कर रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हमारा फोकस रचनात्मक बातचीत पर होना चाहिए। ऐसे में हमें एक प्रतिनिधिमंडल (पाकिस्तान) की टिप्पणियों को नजरअंदाज करना चाहिए क्योंकि उनमें न सिर्फ शिष्टाचार की कमी है, बल्कि उनका खुद का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। ये अपनी विनाशकारी और हानिकारक स्वभाव के चलते हमारे सामूहिक प्रयासों को भी गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।' कंबोज ने कहा कि हम चाहेंगे कि ये प्रतिनिधिमंडल सम्मान और कूटनीति के आधारभूत सिद्धांतों का पालन करे।

# भारत-अमेरिकी प्रवासी समूह ने अमृतसर के विकास के लिए की पहल

**विशेष।** प्रवासी भारतीयों ने भारतीय शहर के विकास के लिए पहली पहल की है। इसके तहत उन्होंने अमृतसर के सामाजिक और आर्थिक विकास के स्टार्टअप के लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की है।



फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) और यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से, अमेरिका में रहने वाले प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों और भारतीयों के एक समूह ने वाशिंगटन के मैरीलैंड उपनगर में अपनी पहली बैठक की। जिसमें अमृतसर के विकास के लिए समिति का गठन करेंगे। इसके लिए 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे। अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू जो कि वापस अमृतसर लौट आए हैं, उन्होंने इसकी शुरूआत की है। अमृतसर आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। संधू ने सेवानिवृत्ति के बाद भारत लौटने पर अमृतसर से भाजपा ज्वाइन कर ली। यही नहीं वे यहां के लोकसभा उम्मीदवार भी बन गए। उन्होंने शहर में प्रतिष्ठित भारतीय प्रवासी सदस्यों का एक सम्मेलन भी आयोजित किया। इस सम्मेलन में अमेरिका के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों ने प्रतिभाग किया। यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष मुकेश अघी अमेरिका आए। इस सम्मेलन में सह-मेजबानी फिक्की के साथ की गई।

वाशिंगटन के मैरीलैंड में एक बार फिर इस विषय पर बैठक हुई। जिसमें अमृतसर के भारतीय अमेरिकी संजीव लखनपाल की अध्यक्षता में विकसित अमृतसर पहल के गठन की घोषणा हुई। मुकेश अघी ने बताया कि इसका उद्देश्य अमृतसर में उद्यमियों को सलाह और उनके सामाजिक रूप से स्टार्टअप को सफल बनाना है।

उन्होंने कहा कि अमृतसर स्टार्टअप में निवेश करने के लिए लगभग सौ मिलियन डॉलर एकत्र किए हैं। 250 से अधिक आवेदन हैं जिनकी समीक्षा कर उनका चयन करेंगे। ताकि अधिक स्टार्टअप अमृतसर में अधिक नौकरियाँ पैदा करें।

# चुनाव के खराब नतीजों के बाद दबाव में पीएम सुनक

● 40 साल में पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन

**लंदन।** ब्रिटेन के मौजूदा पीएम ऋषि सुनक की पार्टी के लिए आगामी चुनाव की राह मुश्किलों भरी दिखाई दे रही है। पार्टी को चुनाव में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, स्थानीय चुनावों के खराब नतीजों के बाद रातोंरात स्थिती बदल गई है। इन चुनाव नतीजों को 40 साल में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन बताया जा रहा है।



**खुद के नेताओं का झेलना होगा विरोध! :** कंजर्वेटिव पार्टी विपक्ष की लेबर पार्टी से पीछे छूटती दिखाई पड़ रही है। इतना ही नहीं ब्लैकपूल दक्षिण उपचुनाव में टोरी को मिले बहुमत भी पलट गया है। ऐसे में विपक्षी दल को लाभ मिलने के बाद भारतीय मूल के नेता सुनक को खुद की पार्टी के लोगों का विरोध झेलना पड़ सकता है। यह संभावना जताई जा रही है।

**स्टर्मर ने एक प्रचंड जीत करार दिया :** आम चुनाव से पहले उपचुनाव के आए नतीजे को लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टर्मर ने एक प्रचंड जीत करार दिया। साथ ही उन्होंने इस नतीजे को पार्टी के पक्ष में एक समग्र चुनावी जनादेश के रूप में घोषित किया।

**ब्लैकपूल पूरे देश की आवाज :** उपचुनाव को लेकर स्टर्मर ने कहा, 'ब्लैकपूल पूरे देश की आवाज है। यहां के लोगों को ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को सीधा संदेश भेजने का मौका मिला और उनका संदेश था कि वह बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि सुनक के लिए यह स्पष्ट संदेश है कि अब बदलाव का समय है। आम चुनाव का समय है।

# 'अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के बाद हो सकती है उथल-पुथल'

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इस दौड़ में राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। एक दूसरे पर आरोप लगाने का दौर जारी है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिससे चुनाव के बाद उथल-पुथल होने का संकेत मिला है। उन्होंने दावा किया कि शायद वह (बाइडन) विस्कॉन्सिन में इस साल के चुनाव परिणामों को स्वीकार नहीं कर सकें।



**देश के अधिकार के लिए लड़ना होगा :** डोनाल्ड ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर वह नवंबर में होने वाले चुनाव के नतीजों को सही नहीं मानते हैं तो आपको देश के अधिकार के लिए लड़ना होगा। उन्होंने आगे कहा, 'अगर सब कुछ ईमानदार रहा तो मैं परिणामों को पूरी तरह स्वीकार करूंगा।'

**राजनीतिक हिंसा की आशंका... :** रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब उन्होंने चुनाव के आसपास राजनीतिक हिंसा की आशंका से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया की निष्पक्षता पर निर्भर करता है।

# कनाडा : कई वाहनों के भिड़ने से भारतीय दंपती और तीन महीने के पोते सहित चार लोगों की मौत

**टोरंटो।** पुलिस संदिग्ध का कर रही थी पीछा, तेज गति होने के कारण भिड़े कई वाहन; भारत के एक दंपती समेत चार की मौत




भारत के एक दंपती को कनाडा आना भारी पड़ गया। कई वाहनों के भिड़ने से दंपती और उनके तीन महीने के पोते सहित चार लोगों की मौत हो गई। दरअसल, बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ जब ओंटारियो पुलिस गलत दिशा में गाड़ी चला रहे एक शराब की दुकान में लूटपाट के संदिग्ध का पीछा कर रही थी।

**कई घंटों तक बंद रहा राजमार्ग 401 :** पुलिस ने गुरुवार को बताया कि टोरंटो से करीब 50 किलोमीटर पूर्व में व्हिटबी में राजमार्ग 401 पर हुए हादसे में सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ओंटारियो की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने बताया कि 60 वर्षीय पुरुष और 55 वर्षीय एक महिला भारत से कनाडा आए थे। कई वाहनों की टक्कर में दंपती के तीन माह के पोते की भी मौत हो गई। सोमवार को हुई घटना के बाद राजमार्ग 401 को कई घंटों के लिए बंद कर दिया गया था। हालांकि, एसआईयू ने पीड़ितों के नाम जारी नहीं किए।

**संदिग्ध भी मारा गया :** एसआईयू ने बताया कि बच्चे के माता-पिता भी हादसे में घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। मां की हालत ज्यादा गंभीर है। एक मीडिया रिपोर्ट की माने तो कम से कम छह वाहनों की आपस में टक्कर हुई थी, जिसमें 21 साल का संदिग्ध भी मारा गया।

**20 मिनट किया पीछा :** पुलिस ने बताया कि बोमनविले में एक शराब की दुकान पर लूटपाट की खबर मिली। इसके बाद पुलिस ने संदिग्धों का पीछा किया।

# सीपीईसी पर काम कर रहे चीनी नागरिकों की जान को खतरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर कुछ समय से हमले लगातार बढ़ रहे हैं। हमले में अनेकों चीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। ड्रैगन अपने लोगों के मारे जाने पर गुस्से में है। बताया जा रहा है कि उसने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई है। वहीं, अब भारत के पड़ोसी देश ने चीनी नागरिकों की रक्षा के लिए एक नया कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने चीनी नागरिकों को बिना बख्तरबंद वाहन के प्रांत में यात्रा नहीं करने का आदेश दिया है।

### सुरक्षा प्रोटोकॉल से कोई समझौता नहीं होगा: पाक

पाकिस्तान प्रशासन का स्पष्ट तौर पर कहना है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हाल ही में चीनी नागरिकों को बुलेट प्रूफ वाहन के अलावा किसी भी वाहन में यात्रा करने से एक तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हजारा रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) ताहिर अयूब खान ने कहा, 'हम चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपायों को अपना रहे हैं। इन लोगों को सरकार के निर्देशों के अनुसार बिना बख्तरबंद वाहनों के प्रांत में यात्रा नहीं करनी चाहिए।'

### हमलों से घबराई पाक सरकार ने लिया बड़ा फैसला



**यह है मामला :** बता दें, पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला 26 मार्च की घटना को देखते हुए लिया है। दरअसल, चीनी इंजीनियरों के एक काफिले को निशाना बनाया गया था, जो उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक बांध परियोजना में काम कर रहे थे। हमले में छह चीनी नागरिक मारे गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले के बेशम इलाके में चीनी नागरिकों को निशाना बनाया गया था। आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार चीनी नागरिकों के काफिले में घुसा दी थी।

# सऊदी अरब में महिला अधिकार कार्यकर्ता को 11 साल की जेल

**रियाद।** सऊदी अरब में एक महिला अधिकार कार्यकर्ता मनाहेल अल-ओतैबी को महिलाओं के अधिकारों और उनके पहनावे की वकालत करने के लिए 11 साल की सजा सुनाई गई। सीएनएन ने मानवाधिकार संगठनों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

एमनेस्टी इंटरनेशनल और लंदन स्थित सऊदी अधिकार समूह एएलक्यूएसटी के मुताबिक, अल-ओतैबी को 9 जनवरी 2024 को सऊदी अरब के विशेष आपराधिक न्यायालय द्वारा 'गोपनीय सुनवाई' में सजा सुनाई गई, जिसका खुलासा संयुक्त राष्ट्र की जांच के कुछ हफ्तों बाद ही हुआ।

सीएनएन के मुताबिक, इन मानवाधिकार संगठनों ने साझा बयान में बताया कि अल-ओतैबी (29 वर्षीय) पर लगे आरोप कथित तौर पर उनके कपड़ों की पसंद और ऑनलाइन सक्रियता से जुड़े हैं, जिसमें सऊदी अरब की पुरुष अभिभावकता वाली प्रणाली को समाप्त करना, खुद के वीडियो साझा करना और बिना अबाया पहने बाहर जाना शामिल है। अल-ओतैबी की बहन



फौजिया अल-ओतैबी को भी इसी तरह के आरोपों का सामना करना पड़ा था। 2022 में फौजिया को पूछताछ के लिए बुलाया गया, जिसके बाद वह सऊदी अरब से भागने में सफल रही।

जिनेवा में सऊदी अरब के मिशन ने जनवरी में संयुक्त राष्ट्र की जांच का जवाब दिया था। अल-ओतैबी को एक वैध वारंट के तहत कानून के मुताबिक गिरफ्तार किया गया था और उन पर आतंकवादी अपराधों का आरोप लगा था। मिशन ने जोर देकर कहा था कि अपने अधिकारों और आजादी का इस्तेमाल करने के लिए देश में किसी भी व्यक्ति को हिरासत में नहीं लिया जाता है और देश धर्म, नस्ल, लिंग या राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है।

# अमेरिकी विश्वविद्यालयों में प्रदर्शनों से मस्क ने जताई नाराजगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हो रहे फलस्तीन समर्थित विरोध प्रदर्शनों के मुद्दे पर एलन मस्क ने एक ऐसा पोस्ट किया, जिस पर अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने करारा जवाब दिया है। दरअसल मस्क ने सोशल मीडिया पर एक पोल साझा किया, जिसमें अमेरिकी झंडे का अपमान करने वाले को देश से बाहर भेजने पर लोगों की राय मांगी गई थी। इस पर स्नोडेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में अभिव्यक्ति की आजादी है।



### क्या है मामला

अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जारी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों पर एलन मस्क ने एक ट्वीट किया। जिसमें मस्क ने लिखा, 'प्रस्तावित कानूनः अगर कोई अमेरिकी झंडे का फाड़ता है और उसकी जगह कोई दूसरा झंडा लगाता है तो उस व्यक्ति को अनिवार्य रूप से उस देश भेज देना चाहिए, जहां का झंडा उसने लगाया है।' मस्क ने इस पोस्ट पर लोगों से हां और नहीं में जवाब भी मांगा था।

मस्क के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी व्हिसल ब्लोअर एडवर्ड स्नोडेन ने लिखा कि 'पहली बात अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी है, जिसमें सभी झंडों को फाड़ने और उनके साथ कुछ भी करने की आजादी है और किन्हीं कारणों से इस अधिकार को संविधान में सुरक्षित किया गया है। दूसरी बात तब आप क्या करेंगे, जब वे लोग इस झंडे से अमेरिकी झंडे को बदल दें? इसके साथ ही स्नोडेन ने फास्ट फूड चेन मैक्डोनाल्ड के झंडे की तस्वीर साझा की।'

### फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों पर फूटा मस्क का गुस्सा

दरअसल अमेरिका के कई संस्थानों में इन दिनों फलस्तीन के समर्थन में धरने प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके चलते कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया है और कई पर शैक्षिक प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में परिसर को प्रदर्शनकारी छात्रों से मुक्त कराने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी थी। इसी को लेकर मस्क ने पोल संबंधी पोस्ट किया था। हालांकि मस्क ने एक अन्य ट्वीट में ये भी लिखा कि अन्य देश भेजे जाने वाले अमेरिकी कुछ समय उस देश में बिताने के बाद वापस अमेरिका आ सकते हैं, ताकि उन्हें उस देश की जमीनी हकीकत के बारे में पता चल सके। एडवर्ड स्नोडेन पर साल 2013 में अमेरिका की खुफिया सूचनाएं लीक करने का आरोप लगा था। जिस पर पूरी दुनिया में हंगामा हुआ था।

# भारत उम्रदराज लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने में पीछे

**त्बिलिसी।** भारत बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराने के मामले में एशिया-प्रशांत देशों में सबसे पीछे है। भारत को अपनी आर्थिक वृद्धि दर कायम रखने और तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतें पूरी करने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने की जरूरत है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट एजिंग वेल इन एशिया में कहा, यूनिवर्सल स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने में भारत समेत कई देश पीछे हैं। इन देशों में बुजुर्गों के बीच स्वास्थ्य बीमा की पहुंच सबसे कम 21 फीसदी है। हालांकि, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड ने यूनिवर्सल स्वास्थ्य कवरेज हासिल कर लिया है।

एडीबी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एइको किकावा ने कहा, स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाने से स्थिति सुधरेगी और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग अर्थव्यवस्था के लिए अधिक उत्पादक बन पाएंगे। साथ ही, भारत जैसे देशों को बुजुर्गों की मौजूदगी से मिलने वाला लाभांश अधिक हो सकता है।

उन्होंने कहा, बुजुर्गों की शारीरिक व कार्यात्मक क्षमता बढ़ाने वाली जरूरी सेवाओं और गतिविधियों का विस्तार भी अहम है।

### एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने की रिपोर्ट




### आयुष्मान भारत योजना की सराहना

एडीबी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एइको किकावा ने कहा कि भारत ने अपनी गरीब आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए कई उपाय किए हैं। गरीबों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं आने से बुजुर्गों का स्वास्थ्य कवरेज बेहतर हुआ है।

### जीडीपी में योगदान बढ़ा सकते हैं बुजुर्ग

रिपोर्ट के मुताबिक, विकासशील एशिया-प्रशांत देशों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या 2050 तक करीब दोगुनी होकर 1.2 अरब पहुंच जाएगी। यह कुल आबादी का करीब एक चौथाई होगा। ऐसी स्थिति में पेंशन और कल्याण कार्यक्रमों के अलावा स्वास्थ्य बीमा की जरूरत भी बढ़ जाएगी।

एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री अल्बर्ट पार्क ने कहा, इन अर्थव्यवस्थाओं के पास बुजुर्गों से अतिरिक्त उत्पादकता के रूप में लाभांश हासिल करने का मौका होगा। इससे एशिया-प्रशात क्षेत्र की जीडीपी औसतन 0.9 फीसदी बढ़ सकती है।

### भारत में...6.4 साल तक बढ़ सकती है जीवन प्रत्याशा

भारत में बुजुर्ग महिलाओं की जीवन प्रत्याशा सबसे अधिक 6.4 साल बढ़ने की उम्मीद है। कजाखस्तान, जॉर्जिया और हांगकांग में यह वृद्धि 4.6 साल होगी। बुजुर्ग पुरुषों के मामले में भारत में यह 5.7 साल बढ़ सकती है।

### भारत को मिलेगा युवा आबादी का लाभ

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, बांग्लादेश और इंडोनेशिया में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच से वंचित आधे से अधिक लोग निचली 40 फीसदी आबादी का हिस्सा हैं।

# गाजा : मलबे में 10 हजार से अधिक के दबे होने की आशंका

## खुदाई करने वाले उपकरणों और कर्मचारियों की किल्लत

**विशेष।** इस्राइली बमबारी में कई इलाके पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं। सैकड़ों इमारतों को नुकसान पहुंचा है और अब भी हवाई, भूमि व समुद्री मार्ग से इस्राइल की सैन्य कार्रवाई जारी है। OCHA ने फलस्तीनी नागरिक प्रतिरक्षा प्राधिकरण का हवाला देते हुए बताया कि मलबे में दबे शवों को बाहर निकालना एक बड़ी चुनौती है, जिसकी एक बड़ी वजह बुलडोजर, खुदाई करने वाले उपकरणों और कर्मचारियों की किल्लत है।

यूएन एजेंसी के अनुसार, फिलहाल जो पुराने औजार उपलब्ध हैं, उनकी मदद से शवों को बाहर निकालने में तीन वर्षों तक का समय लग सकता है। यूएन विशेषज्ञों ने सचेत किया है कि बढ़ते तापमान के कारण शवों के सड़ने में तेजी आ सकती है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ेगा। यूएन बाल कोष की प्रमुख कैथरीन रसैल ने जोर देकर कहा है कि फलस्तीनियों के लिए इस दुस्वप्न का अंत किया जाना चाहिए। उनके



अनुसार लगभग दक्षिणी सीमा पर स्थित रफाह शहर में शरण लेने वाले छह लाख बच्चों में से लगभग सभी घायल, बीमार या कुपोषित हैं। गाजा में 200 से अधिक दिनों के युद्ध में पहले से ही हजारों बच्चों की मौत हो चुकी है या वे अपंग हुए हैं।

इस बीच रफाह में इस्राइल द्वारा बड़े स्तर पर सैन्य कार्रवाई की आशंका प्रबल होती जा रही है। 7 अक्तूबर को दक्षिणी इस्राइल पर हमास के नेतृत्व में आतंकी हमलों में 1,250 लोग मारे गए थे और 250 को बंधक बना लिया गया था, जिनमें से अनेक लोग अब भी बंधक हैं। इसके बाद शुरू हुई इस्राइली कार्रवाई में अब तक 34 हजार 560 फलस्तीनियों की जान गई है और 77 हजार से अधिक घायल हुए हैं। 1 मई तक लड़ाई में इस्राइल के 262 सैनिकों के मारे जाने की खबर है और 1,602 सैनिक घायल हुए हैं। अप्रैल में इस्राइली सैनिकों ने दक्षिणी गाजा में स्थित खान यूनिस शहर से वापसी की थी, जिसके बाद यूएन की समीक्षा टीम ने 10 अप्रैल को वहां हालात का जायजा लिया। यूएन मिशन के अनुसार, सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर अनफटे विस्फोटक बिखरे हुए हैं। मुख्य चौराहों और स्कूलों के भीतर एक हजार पाउंड वजन के विस्फोटक पड़े हुए नजर आए। यूएन की टीम गाजावासियों की खान यूनिस में वापसी को सुरक्षित बनाने के लिए प्रयासरत है। इसके तहत फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन एजेंसी (वठफ्हअ) केंद्रों पर सैन्य कार्रवाई में हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है। साथ ही छर्रों और अनफटी युद्धक सामग्री से प्रभावित इलाकों को चिह्नित किया जा रहा है।

इस क्रम में जागरूकता प्रसार की अहम भूमिका है, जिसे 12 लाख गाजावासियों के लिए वठटअर द्वारा सोशल मीडिया, मोबाइल फोन पर संदेशों और अन्य लिखित सामग्री के जरिए किया जा रहा है। अब तक गाजा पट्टी में 3.7 करोड़ टन मलबे का अनुमान है, जिसमें करीब आठ लाख टन ऐस्बेस्टस और अन्य दूषक पदार्थ हो सकते हैं।

